# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार
26 मार्च 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 26 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579




## 'महिलाओं-व्यापारियों को परेशान करने वालों का स्वागत करेंगे यमराज'

### अपराधियों को सीएम योगी की सीधी चेतावनी



गोरखपुर । सीएम योगी दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में आयोजित भारतीय योग परंपरा में योगीराज बाबा गंभीरनाथ का योगदान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को टोका-टोकी करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि अगर कोई महिलाओं या व्यापारियों को परेशान करने की कोशिश करेगा तो उसे यमराज का सामना करना पड़ेगा। सीएम योगी दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में आयोजित भारतीय योग परंपरा में योगीराज बाबा गंभीरनाथ का योगदान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर शहर अब स्मार्ट सिटी बन गया है। सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं...अगर किसी ने किसी बेटी और व्यापारी को छेड़ा तो वो (सीसीटीवी कैमरे) हमें अपराध के लिए यमराज के घर जाने का भी एक रास्ता खोल देता है। आदित्यनाथ ने आगे कहा कि पिछले 10 सालों में भारत बदल गया है और हर कोई हमारे देश में आना चाहता है।

उन्होंने कहा कि अगर आप इस ब्रह्मांड के रहस्यों के बारे में जानना चाहते हैं, तो भारत के उपनिषद इसका सबसे बड़ा भंडार हैं। यह हमारी समस्या थी कि हमने खुद को इससे (उपनिषदों) दूर कर लिया। परिणाम हमारे सामने हैं। हम उस दुनिया के पीछे भागने लगे जो हमारे पीछे भागती थी। पिछले 10 सालों में हमने बदलते भारत को देखा है...अब, हर कोई भारत आना चाहता है; वे भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखना चाहते हैं। भारत की योग की अवधारणा अब पूरी दुनिया में प्रचलित है।

आदित्यनाथ ने कहा, पिछली सरकारों ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया पैदा किया।

शेष पेज 2 पर

## बसपा सुप्रीमो मायावती ने ओबीसी नेताओं के साथ की विशेष बैठक



लखनऊ। बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राजधानी में ओबीसी नेताओं के साथ विशेष बैठक की। इसमें ओबीसी समाज के हितों के साथ संगठन मजबूती पर चर्चा की गई।

राजधानी लखनऊ में मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने ओबीसी समाज के नेताओं के साथ विशेष बैठक की। बैठक बसपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में ओबीसी समाज के हितों और जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई।

बसपा कार्यालय में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में ओबीसी नेताओं ने हिस्सा लिया। शेष पेज 2 पर

## चुनाव संबंधी संयुक्त समिति का कार्यकाल मानसून सत्र तक के लिए बढ़ा

नयी दिल्ली, ।देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार करने के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति के अपना प्रतिवेदन सौंपने के लिए कार्यकाल मंगलवार को इस साल मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक के लिए बढ़ा दिया गया।

इस संयुक्त समिति के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद पीपी चौधरी ने समिति का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव लोकसभा में रखा, जिसे सदन ने ध्वनमति से मंजूरी दी।

लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले ह्यसंविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े




संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' पर संसद की 39 सदस्यीय संयुक्त समिति विचार कर रही है।

समिति को बजट सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया था। इन विधेयकों को पिछले साल 17 दिसंबर को लोकसभा में पेश किया गया था।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में नरेंद्र मोदी सरकार ने ह्यएक राष्ट्र-एक चुनावह्न पर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था और इसने अपनी रिपोर्ट में इस अवधारणा का जोरदार समर्थन किया था।

इसके बाद, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया और सरकार ने लोकसभा में दो विधेयक पेश किये, जिनमें से एक संविधान संशोधन विधेयक भी है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा सांसद एवं पूर्व कानून मंत्री पी पी चौधरी की अध्यक्षता में 39 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति गठित की थी।

## तुम चुप रहो! विधान परिषद में अचानक राबड़ी पर बरस पड़े सीएम नीतीश बोले- ये पार्टी तुम्हारी नहीं है



पटना । बिहार विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐसा क्या देख लिया कि वे अचानक राजद नेत्री राबड़ी देवी पर बुरी तरह बरस पड़े। इस दौरान उट नीतीश बोल उठे कि ये पार्टी तुम्हारी नहीं, तुम्हारे पति की है। जानें पूरा मामला...। पटना में बिहार विधान परिषद में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच एक बार फिर तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सदन में आरजेडी विधायकों द्वारा पहने गए बैज को देखकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इतने नाराज हो गए कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को सीधा निशाने पर लेते हुए कहा कि पार्टी तुम्हारी नहीं, तुम्हारे पति की है, तुम चुप रहो!

दरअसल, आरजेडी के विधान पार्षद हरे रंग के बैज लगाकर सदन में पहुंचे थे। इन बैजों पर लिखा था कि तेजस्वी सरकार ने पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण बढ़ाया था, लेकिन बीजेपी सरकार आते ही उसे छीन लिया गया। शेष पेज 2 पर

## लोकसभा से वित्त विधेयक 2025 पारित

## वित्त मंत्री सीतारमण ने करदाताओं को राहत देने वाला बताया

नई दिल्ली । वित्त विधेयक 2025 मंगलवार को 35 सरकारी संशोधनों के बाद लोकसभा से पारित हो गया। वित्त मंत्री वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस दौरान विधेयक को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया। लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है।

लोकसभा ने 35 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद वित्त विधेयक 2025 पारित कर दिया। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक 2025 को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया। लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और



व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है।

इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में महत्वपूर्ण कर सुधारों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितता को दूर करने के लिए ऑनलाइन विज्ञापनों पर लगने वाला समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बताया कि एक लाख करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के बावजूद 2025-26 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 13.14% की वृद्धि का अनुमान यथार्थवादी है।

नए आयकर विधेयक पर संसद के मानसूत्र सत्र के दौरान होगी चर्चा

सीतारमण ने यह भी कहा कि सीमा शुल्क में तर्कसंगत बदलाव से देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, निर्यात को गति मिलेगी और आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नए आयकर विधेयक पर संसद के अगले मानसून सत्र में चर्चा होगी। लोकसभा में वित्त विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि नया आयकर विधेयक, जिसे 13 फरवरी को सदन में पेश किया गया था, वर्तमान में प्रवर समिति की ओर से जांचा जा रहा है।

प्रवर समिति को संसद के अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। सीतारमण ने कहा, ...हम इसे (नए आयकर विधेयक को) मानसून सत्र में लाएंगे। संसद का मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में आयोजित होता है और अगस्त तक चलता है।

शेष पेज 2 पर

## चीन के पास डीपसीक, अमेरिका के पास चैट-जीपीटी', राघव चड्ढा का सवाल, एआई के युग में कहां खड़ा है भारत?



नई दिल्ली। चड्ढा के सवाल के बाद राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने विश्वास जताया कि विश्व गुरू तो भारत ही होगा। आप नेता ने कहा कि 2010 से 2022 के बीच, दुनिया के 60% एआई पेटेंट अमेरिका के पास थे, चीन ने 20% हासिल किए, जबकि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद चीन के आधे हिस्से के साथ पीछे रह गया।

आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने मंगलवार को संसद में कहा कि भारत को वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र के मेक इन इंडिया को अब मेक एआई इन इंडिया में बदलना चाहिए। राज्यसभा में बोलते हुए, चड्ढा ने कहा कि अमेरिका और चीन ने एआई में बड़ी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास चैटजीपीटी, जेमिनी, एंथ्रोपिक और ग्रोक हैं, जबकि चीन के पास डीपसीक है - एक एआई मॉडल जिसमें सबसे अधिक क्षमता और सबसे कम उत्पादन लागत है।

शेष पेज 2 पर

## योगी आदित्यनाथ के साथ आजम खान, अखिलेश यादव की उड़ जाएगी नींद

### 2027 चुनाव से पहले बदलने वाला है UP का समीकरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य आजम खान और उनके पूरा परिवार पर बीते कुछ सालों में करीब 80 मुकदमे दर्ज हुए। उनके बेटे अब्दुला आजम पर 36 से ज्यादा मुकदमे हैं। उनकी पत्नी, उनकी बहन, उनके बड़े बेटे यानी की हर कोई पर मुसीबतों का पड़ाड़ टूटा और कईयों को जेल की हवा खानी पड़ रही है। मगर हाल के कुछ घटनाक्रमों पर गौर करें इससे पहले आजम खान को एक मामले में बेल मिलती है, लेकिन दूसरे अन्य केस की वजह से वो



जेल से बाहर नहीं निकल पाते।

2027 में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले ही प्रदेश का सारा सियासी समीकरण बदलने वाला है। जिसे कभी मिट्टी में मिलाने की बात सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ कहते नहीं थकते थे, उन पर अब वो मेहरबान नजर आ रहे हैं। आजम खान के पूरे परिवार को लेकर क्या योगी आदित्यनाथ का रुख बदल गया। क्या वाकई आजम खान जेल से बाहर आने वाले हैं। क्या वाकई आजम खान के जेल से बाहर आने की सारी अड़चनें और रुकावटें दूर हो गई हैं।

शेष पेज 2 पर

### कुणाल कामरा विवाद | एकनाथ शिंदे ही नहीं, SC-PM मोदी तक पर तंज

## कस घिर चुके हैं कुणाल कामरा, विवादों से रहा पुराना नाता

मुबंई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर कुणाल कामरा की इशारों में की गई टिप्पणी को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। इस बीच राज्य में सियासी घमासान भी छिड़ गया है। सत्तासीन महायुति की पार्टियों ने कामरा को चेतावनी दी है। वहीं, विपक्षी शिवसेना यूबीटी ने खुलकर कॉमेडियन का समर्थन किया है।

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा की तरफ से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान पर सियासत गर्मा गई है। जहां महायुति सरकार ने कुणाल के बयान की निंदा करते हुए उनसे माफी मांग की, वहीं विपक्षी दलों खासकर शिवसेना (यूबीटी) ने कॉमेडियन का समर्थन किया। इस बीच खुद शिंदे ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कुणाल के



कटाक्ष की तुलना किसी के खिलाफ बोलने के लिए सुपारी लेने से की। शिंदे ने कामरा की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और हमें भी व्यंग्य समझ में आता है, लेकिन इसकी एक सीमा होनी चाहिए।

शिंदे की इन टिप्पणियों के बाद से ही कुणाल कामरा के बयानों को लेकर सवाल खड़े हो गए। हालांकि, कामरा का इतिहास उठाकर देखा जाए तो सामने आता है कि यह पहली बार नहीं है, जब उनका विवादों से पाला पड़ा हो। खासकर विवादित टिप्पणी के मामले में। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर कुणाल कामरा ने इससे पहले कब-कब विवादास्पद बयान दिए हैं? क्या पहले किसी मामले में उन पर कार्रवाई हुई है? एकनाथ शिंदे के अलावा कामरा ने और किन-किन नेताओं या बड़े चेहरों पर निशाना साधा है? आइये जानते हैं...

**1. सुप्रीम कोर्ट पर ब्राह्मण-बनिया टिप्पणी से घिरे थे कामरा**

मई 2020 में सुप्रीम कोर्ट में कुणाल कामरा के खिलाफ एक याचिका दायर हुई थी, जिसमें उन पर अपने शो 'बी लाइक' के दौरान सुप्रीम कोर्ट को ब्राह्मण-बनिया का मामला बताने का आरोप लगा था। तब अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने न्यायपालिका और जजों को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कथित तौर पर घेरने के लिए कामरा पर अवमानना की कार्रवाई को मंजूरी दी थी।

2. अर्णब गोस्वामी से फ्लाइट में ही भिड़े, एयरलाइन कंपनियों ने लगाया बैन शेष पेज 2 पर

# 2500 वाली स्कीम : दिल्ली में अब महिलाओं के खाते में आएंगे रुपये, वृद्धा पेंशन बढ़ाने का भी एलान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली। बजट में वरिष्ठ नागरिकों का भी खास ख्याल रखा गया है। 60-69 साल के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मासिक सहायता बढ़ाकर 2,500 रुपये की गई है। 70 वर्ष से अधिक आयु वालों को 3,000 रुपये की मासिक सहायता सरकार देगी। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा की सबसे चर्चित योजना महिला समृद्धि योजना को बजट में जगह मिली है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने 5,100 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। इसके तहत पात्र महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार का यह कदम महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, निर्णय लेने की क्षमता और आत्मसम्मान बढ़ाने के लिए लिया गया है। इसके अलावा, सरकार ने बजट में महिलाओं को कई सौगातें दी हैं। मुख्यमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 210 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ऐसे में इस योजना के तहत कुल लाभ राशि बढ़कर 21,000 रुपये हो जाएगी। साथ ही, गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को 6 पोषण किट मिलेंगी।

**पालना-राष्ट्रीय क्रेच योजना के लिए 50 करोड़**

पालना-राष्ट्रीय क्रेच योजना के लिए सरकार ने 50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। इसके अंतर्गत 500 पालना-आंगनबाड़ी-सह-क्रेच केंद्रों को शुरू किया जाएगा, ताकि महिलाएं अपने बच्चों के जन्म के बाद भी कार्य करती रहें। इसके अलावा दिल्ली में चल रहे 14 कामकाजी महिला छात्रावासों के अतिरिक्त दो नए सखी निवास शुरू किए जाएंगे। यही नहीं, सामाजिक सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देने के लिए 10,047 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिसमें से 9,780 करोड़ रुपये सामाजिक कल्याण,



महिला एवं बाल विकास व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं।

**वरिष्ठ नागरिकों की बढ़ी पेंशन**

बजट में वरिष्ठ नागरिकों का भी खास ख्याल रखा गया है। 60-69 साल के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मासिक सहायता बढ़ाकर 2,500 रुपये की गई है। 70 वर्ष से अधिक आयु वालों को 3,000 रुपये की मासिक सहायता सरकार देगी। साथ ही, 60-69 साल के बीच अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक समुदायों के वरिष्ठ नागरिकों को 500 रुपये की अतिरिक्त मासिक सहायता मिलेगी। वहीं, बेसहारा महिलाओं और दिव्यांगजनों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 2,500 से बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रति माह कर दी गई है। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों को विश्राम और सामाजिक गतिविधियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के मनोरंजन केंद्रों की जीआईए योजना को हरी झंडी दी गई है। इसके तहत 20 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

**डॉ. बीआर अंबेडकर वजीफा योजना की सौगात**

आईटीआई, कौशल केंद्रों और पॉलिटेक्निक में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को 1,000 रुपये का मासिक वजीफा मिलेगा। इससे वे सशक्त बनेंगे। ऐसे में दिल्ली सरकार डॉ. बीआर आंबेडकर वजीफा योजना लाई है। इसके तहत 5 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। माइनॉरिटी एंड हैंडीकैप फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीएसएफडीसी) में सुधार के लिए डीएसएफडीसी के पुनरुद्धार के लिए जीआईए योजना के तहत 2 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसके अलावा प्रत्येक गांव और किसान को सशक्त बनाने के लिए विकास विभाग को 1,157 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

**ग्रामीण और शहरी गांवों का समग्र विकास**

सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि-राज्य टॉप-अप योजना के तहत 4.85 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। इसके अंतर्गत किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6,000 रुपये वार्षिक सहायता के अतिरिक्त 3,000 रुपये तीन किस्तों में दिए जाएंगे। वहीं, घुमनहेड़ा गांव में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मॉडल गौशाला स्थापित करने के लिए 40 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, बेघर लोगों के पुनर्वास के लिए 5 करोड़ रुपये का बजट पेश होगा। दिल्ली के ग्रामीण एवं शहरी गांवों के समग्र विकास के लिए सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइटों, सामुदायिक भवनों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

# जॉब के नाम पर टारगेट का देते प्रेशर



**न्यूज एनपीटी**
**यू पी नॉएडा /सेक्टर 3**

मैं नॉएडा सेक्टर 3 मैं जॉब करता हूँ कंपनी का नाम फिनक्रिर्फ है और कंपनी मैं टारगेट जॉब है पर्सनल लोन अप्रूव करवाना पड़ता है` वही उनके TL विकास नाम का शख्श अपनी बदमाशी दिखाते हुए हमसे बोलते है की मैं हरयाणा से हूँ मैं बहुत मारूंगा तुम्हे जब हम लोगो से टारगेट नहीँ हुआ तो हमें धमकी देते है की सैलरी रुकवा दूंगा` और भी एम्प्लाइज को टार्चर करते है` बोलते है की कल से ऑफिस मत आना घर बैठ जाना` इस तरीके से हमसे बतामीजी की करी जाती है` इसी चक्कर मैं कंपनी से मैनेजर भी छोड़ कर जा चुकी है और काफी एम्प्लाइज छोड़ कर जा चुके है`

## पेज एक का शेष...

### महिलाओं-व्यापारियों को परेशान करने वालों का स्वागत करेंगे यमराज

आज सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज दिया है, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया है। नए रोजगार का सृजन किया है। कुटीर, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को पुनर्जीवित किया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश का एक नया युग आया है और उत्तर प्रदेश अपने नए मूलभूत ढांचे के साथ, सर्वाधिक एक्सप्रेसवे के साथ, सर्वाधिक मेट्रो रेल के साथ, सर्वाधिक रेलवे नेटवर्क के साथ देश में आज अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।

### बसपा सुप्रीमो मायावती ने ओबीसी नेताओं के साथ की विशेष बैठक

बैठक में प्रदेशभर में संगठन की मजबूती के साथ आने वाले चुनावों की रणनीति पर चर्चा की गई। जमीनी स्तर पर पार्टी के प्रदर्शन और विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने पर चर्चा हुई।

इस दौरान सभी को पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा गया। जनसंपर्क अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए गए। मायावती ने कहा कि सभी कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं। उनकी समस्याओं को जानें और समझें। पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से उन तक पहुंचाएं।

### चीन के पास डीपसीक, अमेरिका के पास चैट-जीपीटी, राघव चड्ढा का सवाल, एआई के युग में कहां खड़ा है भारत?

लेकिन इस एआई युग में भारत कहां खड़ा है? क्या भारत पीछे रह गया है?

चड्ढा के सवाल के बाद राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने विश्वास जताया कि विश्व गुरू तो भारत ही होगा। आप नेता ने कहा कि 2010 से 2022 के बीच, दुनिया के 60% एआई पेटेंट अमेरिका के पास थे, चीन ने 20% हासिल किए, जबकि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद चीन के आधे हिस्से के साथ पीछे रह गया। उन्होंने कहा, "यह सच है कि अमेरिका और चीन को एआई में चार से पांच साल की बढ़त है। लेकिन ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने शोध, शिक्षा और एआई विकास में निवेश किया है।" चड्ढा ने भारत के मजबूत प्रतिभा पूल पर भी प्रकाश डाला और कहा कि वैश्विक एआई कार्यबल में भारतीयों की हिस्सेदारी 15% है, जिसमें लगभग 4.5 लाख भारतीय एआई पेशेवर विदेशों में काम कर रहे हैं।

आप सदस्य ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन ने पिछले चार पांच साल में एआई पर खासी रिसर्च की और उसमें निवेश तथा प्रयोग किए। उन्होंने कहा कि कुल एआई कार्य बल का 15 फीसदी हिस्सा भारतीय हैं। भारत के पास प्रतिभा है, मेहनती लोग हैं, ब्रेन पॉवर है, डिजिटल अर्थव्यवस्था है, हमारे यहां 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपभोक्ता हैं। फिर भी वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर एआई के संदर्भ में नजर रहीं आता। वह एआई उत्पादक बनने के बजाय एआई उपभोक्ता बन गया है। आप सदस्य ने कहा कि करीब 15 फीसदी यानी लगभग साढ़े चार लाख भारतीय एआई के क्षेत्र में भारत से बाहर काम कर रहे हैं और एआई दक्षता में भारत की रैंक तीसरी है। उन्होंने कहा इसका मतलब है कि भारत के पास प्रतिभा है।

### वित्त मंत्री सीतारमण ने करदाताओं को राहत देने वाला बताया

ये भी पढ़ें: क्ल्र्ल्ग-वर ळश्ीि ळं": अमेरिका से व्यापार समझौते पर भारत को सतर्क रहने की जरूरत, जीटीआरआई की चेतावनी

वित्त मंत्री ने नए विधेयक विधेयक से जुड़ी जानकारी साझा की

आयकर विभाग ने पहले कहा था कि सरलीकृत आयकर विधेयक, जो 1961 के आयकर अधिनियम का आधा है, मुकदमेबाजी और नई व्याख्या की गुंजाइश को कम करके कर निश्चितता हासिल करने का प्रयास करता है। नए विधेयक में शब्दों की संख्या 2.6 लाख है, जो आईटी अधिनियम में 5.12 लाख से कम है। मौजूदा कानून में 819 प्रभावी धाराओं के मुकाबले इसमें धाराओं की संख्या 536 है। अध्यायों की संख्या भी 47 से घटाकर आधी 23 कर दी गई है।

आयकर विधेयक 2025 में मौजूदा अधिनियम में 18 तालिकाओं की तुलना में 57 तालिकाएं हैं और 1,200 प्रावधान व 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं।

### कस घिर चुके हैं कुणाल कामरा, विवादों से रहा पुरा

जनवरी 2020 में कुणाल कामरा का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उन्हें मुंबई से लखनऊ जा रही एक फ्लाइट में सहयात्री पत्रकार अर्णब गोस्वामी को घेरते और उनकी सीट पर जाकर उन्हें परेशान करते दिखाया गया था। इस घटना के बाद कुणाल कामरा पर दुर्व्यवहार के लिए इंडिगो, एयर इंडिया, गो एयर और स्पाइसजेट जैसी कंपनियों ने छह महीने का प्रतिबंध लगा दिया था।

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कुणाल कामरा ने खुद एक वीडियो ट्विटर पर पोस्ट भी किया था। इस दौरान उन्होंने अर्णब को लेकर एक वक्तव्य भी दिया और पत्रकार को डरपोक बताया।

3. जब बच्चे का एडिटेड वीडियो शेयर कर फंसे कॉमेडियन

मई 2020 में कुणाल कामरा ने एक एडिटेड वीडियो शेयर किया था। इसमें पीएम मोदी के जर्मनी दौरे के वक्त एक सात साल के बच्चे के गाने के वीडियो से छेड़छाड़ की गई थी। इसके बाद राष्ट्रीय बालअधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने कॉमेडियन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तुरंत वीडियो हटाने के लिए कहा।

हालांकि, कुणाल कामरा ने अपने बचाव में कहा कि यह वीडियो सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध है। अपने पोस्ट में उन्होंने कहा कि एनसीपीसीआर ने उन पर एक मीम पोस्ट करने के लिए कार्रवाई की मांग की है।

4. जब सुप्रीम कोर्ट की अवमानना के मामले में घिरे थे कामरा

कुणाल कामरा 2020 में सुप्रीम कोर्ट की अवमानना के मामले में घिर चुके हैं। दरअसल, पत्रकार अर्णब गोस्वामी से जुड़े एक मामले में जब सुप्रीम कोर्ट ने कुणाल कामरा को जमानत देने का फैसला किया तो कुणाल कामरा ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ पर तंज कसा था। उन्होंने एक्स (तब ट्विटर) पर पोस्ट कर सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम जोक ऑफ द कंट्री करार दिया था। इतना ही नहीं कामरा ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर एक एडिटेड फोटो भी पोस्ट की। साथ ही सीजेआई चंद्रचूड़ के खिलाफ टिप्पणी भी की।

इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2020 को कामरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कॉमेडियन को कोर्ट की अवमानना के मामले में अपनी हरकतों पर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया था। हालांकि, कामरा ने साफ कर दिया था कि वह अपने बयानों के लिए माफी नहीं मांगेंगे। अपने आधिकारिक बयान में उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी का हवाला देते हुए बयान वापस लेने से इनकार कर दिया।

5. कोरोनावायरस महामारी को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर वार

2021 में कुणाल कामरा ने कोरोनावायरस महामारी के संकट से निपटने के तरीकों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी आलोचना की थी। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि अगर पीएम मोदी और अन्य नेता जल्दी और प्रभावी ढंग से कदम उठाते तो कई जिंदगियां बच सकती थीं।6. देवी-देवताओं के अपमान को लेकर वीएचपी का कानूनी नोटिस

सितंबर 2022 में कुणाल कामरा का हरियाणा के गुरुग्राम में होने वाला एक शो रद्द कर दिया गा। दरअसल, कुणाल पर हिंदू देवी-देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था। वीएचपी ने इसे लेकर गुरुग्राम के उपायुक्त को चिट्ठी लिखी थी। इतना ही नहीं वीएचपी ने कामरा को एक कानूनी नोटिस भी भेजा और माफी की मांग की।

इसके बाद कामरा ने वीएचपी को एक खुला खत लिखा। उन्होंने संगठन को चुनौती दी कि वह महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की निंदा करें और साबित करें कि वे आतंकवाद विरोधी और हिंदू समर्थक हैं। इतना ही नहीं कामरा ने कहा कि संगठन साबित करें कि उन्होंने हिंदू धर्म का अपमान किया है।

7. ओला के सीईओ को निशाने पर लिया

कुणाल कामरा ने ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ भाविश अग्रवाल से भी खूब टक्कर ली। कामरा ने ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी के ग्राहकों की शिकायत नहीं सुलझाने के लिए भाविश को आड़े हाथों लिया और उन्हें जल्द से जल्द समस्याओं का निदान करने या ग्राहकों के पैसे लौटाने की बात कही। यह बहस तब बढ़ गई जब भाविश अग्रवाल ने कामरा को ग्राहकों की समस्याओं को सुलझाने में मदद करने या फिर चुप रहने के लिए कहा।

यह विवाद यहीं नहीं रुका। भाविश ने कामरा को अपनी कंपनी में नौकरी भी ऑफर कर दी। हालांकि, कामरा ने कहा कि अगर भाविश उनसे सभी ग्राहकों की समस्या जल्द से जल्द सुलझाने का वादा कर दें तो वे यह काम करने के लिए तैयार हैं।

8. उमर खालिद के साथ फोटो साझा कर भी विवादों में घिरे

कुणाल कामरा अपने पॉडकास्ट शो शट अप या कुणाल को लेकर भी चर्चा में रहे हैं। कामरा अपने इस शो में राजनीतिक-हास्य समेत कई मुद्दों पर बात करते हैं। वह इस शो पर कन्हैया कुमार, उमर खालिद, शेहला राशिद, पत्रकार रवीश कुमार, सांसद असदुद्दीन ओवैसी जैसे बड़े चेहरों को भी बुला चुके हैं।

सोशल मीडिया पर कई यूजर्स उनके और उमर खालिद के रिश्तों को लेकर भी निशाना साध चुके हैं। दरअसल, दिल्ली में 2020 में हुई हिंसा के मामले में आरोपी उमर खालिद जेल में बंद हैं। उन पर आतंक-रोधी गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत केस दर्ज है। हालांकि, कुणाल समय-समय पर उनका समर्थन करते रहे हैं। 2020 में खालिद की गिरफ्तारी के दौरान कामरा ने कहा था कि उन्हें उमर खालिद को लेकर फैलाए गए एक भी झूठ पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा था कि आज हम हारे जरूर हैं, लेकिन हम उसके बारे में (उमर खालिद) बोलना जारी रखेंगे।

इस साल जब उमर खालिद को दिल्ली की एक अदालत ने अंतरिम जमानत दी थी, तब कुणाल कामरा उनसे मिलने पहुंचे थे। इस दौरान कॉमेडियन ने अपने पोस्ट में लिखा था- दिल को समय जैसी किसी अवधारणा का अंदाजा नहीं है। उनके इस पोस्ट पर भी सैकड़ों यूजर्स ने कमेंट किए।

इतना ही नहीं दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में 2020 की शुरूआत में जब कुछ बाहरी लोगों ने घुसकर कैंपस पर हमला कर दिया था, तो मुंबई में कुणाल कामरा ने उमर खालिद और कुछ अन्य जेएनयू स्टूडेंट्स के साथ मिलकर मार्च निकाला था। उनका यह प्रदर्शन गेटवे ऑफ इंडिया से शुरू हुआ था।

9. चुनाव आयोग और ईवीएम की आलोचना

कुणाल कामरा ने अलग-अलग समय पर अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स और वीडियोज के जरिए चुनाव आयोग और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के इस्तेमाल की आलोचना की है। इस मुद्दे पर कई राजनीतिक दलों ने कुणाल कामरा पर तंज भी कसा है।

### योगी आदित्यनाथ के साथ आजम खान, अखिलेश यादव की उड़ जाएगी नींद

क्या जेल से बाहर आने के बाद आजम खान कुछ ऐसा करने वाले हैं जो योगी आदित्यनाथ के लिए एक बहुत बड़ा समर्थन और सपोर्ट हो सकता है। ये सारे सवाल इन दिनों यूपी की फिजाओं में अटकलों के बाजार को गर्म कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य आजम खान और उनके पूरा परिवार पर बीते कुछ सालों में करीब 80 मुकदमे दर्ज हुए। उनके बेटे अब्दुला आजम पर 36 से ज्यादा मुकदमे हैं। उनकी पत्नी, उनकी बहन, उनके बड़े बेटे यानी की हर कोई पर मुसीबतों का पड़ाड़ टूटा और कईयों को जेल की हवा खानी पड़ रही है। मगर हाल के कुछ घटनाक्रमों पर गौर करें इससे पहले आजम खान को एक मामले में बेल मिलती है, लेकिन दूसरे अन्य केस की वजह से वो जेल से बाहर नहीं निकल पाते।

लगातार आजम परिवार को मिल रही राहत-एक महीने पहले आजम खान के बेटे अब्दुला आजम को बेल मिल गई और वो बाहर निकल कर आ गए। उसके आजम खान की पत्नी तंजिन फातिमा और उनके बड़े बेटे आदिब, आजम खान की बहन निकहत सारे लोग अंतरिम बेल पर थे। लेकिन सभी को रेगुलर बेल मिल चुकी है। यानी अंतरिम बेल पर रहने से जो गिरफ्तारी की तलवार उनके सिर पर लटक रही थी वो हट चुकी है। आजम खान के जेल से छूट कर बाहर आने की रास्तों की रुकावटें धीरे धीरे करके दूर हो रही हैं। ये अदालत का मामला है। अदालतें ही मामले की सुनवाई करती हैं और बेल या बरी या फिर सजा पर फैसला लेती हैं। लेकिन सबूतों, तथ्यों के आधार पर ये फैसले लिए जाते हैं। अदालत दोनों पक्षों से पूछती है और अगर एक पक्ष सख्ती से खड़ा होता है खासकर सरकार की तरफ से तर्क पेश किए जाते हैं। फिर अदालत उन तर्कों के आधार पर फैसला लेती हैं। लेकिन अगर सरकार का पक्ष नर्म रहे, जमानत का विरोध न किया जाए तो अदालतों में जमानत मिलने की प्रक्रिया में आसानी होती है। सूत्र बताते हैं कि आजम खान और यूपी सरकार के बीच अब रिश्तें बेहतर हो रहे हैं और यही वजह है कि पिछले दो तीन महीनों से आजम खआन और उनके परिवार को मुकदमों से लगातार राहत मिल रही है।

मुकदमों में सरकार की तरफ से पैरोकारी धीमी हो गई -आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी में जो सरकारी जमीन सरकार में निहित हुई थी। उस मामले में भी योगी सरकार अब लंबे समय से खामोश है। कोई एक्शन नहीं लिया गया है। इतना ही नहीं आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड, दो पासपोर्ट और दो जन्म प्रमाण पत्र के मुकदमों में भी सरकार की तरफ से पैरोकारी धीमी हो गई है। सपा से आजम खान के रिश्ते बनते बिगड़ते रहे हैं। पिछली दफा जब आजम खान जेल से बाहर आने वाले थे तो उनके करीबियों ने दावा किया था कि आजम खान पार्टी से अलग हो जायेंगे लेकिन अखिलेश यादव ने उनके करीबी दो करीबी लोगो को विधान परिषद और उनके केस लड़ रहे वकील कपिल सिब्बल को राज्य सभा भेज कर आजम खान को मना लिया था।

2027 के लिए बीजेपी की क्या है रणनीति -जब नरेंद्र मोदी और अमित शाह केंद्र की राजनीति में आए। जब 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ा जा रहा था। उसी वक्त से अमति शाह और मोदी कहते रहे कि यूपी में तुष्टीकरण की राजनीति चलती रही। मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, आजम खान का नाम इनमें प्रमुखता से लिया जाता रहा। दो मिट्टी में मिल कर ऊपर चले गए और आजम खान लंबे समय से सलाखओं के पीछे हैं। ऐसे में अचानक से आजम खान को लेकर अटकलों का बाजार क्यों गर्म हो गया है? राजनीति में रिश्ते बदलते रहते हैं और जो आपका पक्का दोस्त वो कल आपका दुश्मन भी बन सकता है और जो आज दुश्मन है वो दोस्त भी बन सकता है। ऐसे में बीजेपी को लगता है कि अगर आजम खान यूपी में अखिलेश यादव के विरोध में चुनाव लड़ेंगे तो साल 2027 में बीजेपी फिर से सत्ता पाने में आसानी होगी। इसके बदले आजम खान को थोड़ी राहत देने में कोई घाटे का सौदा नहीं है। अगर आजम खान अखिलेश यादव की सपा के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे तो फिर सपा को भारी नुकसान होगा जिसका सीधा फायदा बीजेपी को मिलेगा।

### तुम चुप रहो! विधान परिषद में अचानक राबड़ी पर बरस पड़े सीएम नीतीश बोले- ये पार्टी तुम्हारी नहीं है

यह बात मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को रास नहीं आई, क्योंकि जब 2023 में आरक्षण बढ़ाने का फैसला लिया गया था, तब वे खुद सरकार का हिस्सा थे। हालांकि बाद में पटना हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए एक आरजेडी विधायक को खड़ा किया। फिर मीडिया गैलरी की ओर देखते हुए कहा कि देखिए, यह तमाशा सिर्फ इसी पार्टी में हो सकता है!

राबड़ी ने किया विरोध, तो नीतीश ने सुना दी खरी-खरी- जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेडी की आलोचना की, तो नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी खड़ी हो गईं और विरोध जताने लगीं। लेकिन नीतीश कुमार ने उन्हें झिड़कते हुए कहा कि तुम इस मामले में मत पड़ो। यह पार्टी तुम्हारी नहीं, तुम्हारे पति की है!

मुख्यमंत्री के इस तीखे बयान के बाद सदन में हलचल मच गई। बीजेपी के नेता और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी खड़े हो गए और समर्थन में बोले कि आरक्षण बढ़ाने का फैसला नीतीश कुमार के नेतृत्व में लिया गया था। यह पूरी सरकार का सामूहिक निर्णय था, जिसे सभी ने समर्थन दिया था।

बेचारी पति के सहारे सत्ता में आई थीं

नीतीश कुमार ने आगे राबड़ी देवी पर हमला बोलते हुए कहा कि यह बेचारी तो अपने पति के सहारे सत्ता में आई थीं। उन्होंने 1997 का जिक्र करते हुए कहा कि जब लालू प्रसाद यादव पर चारा घोटाले में सीबीआई ने आरोप तय किए, तो उन्होंने अपनी गृहिणी पत्नी को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी और परदे के पीछे से सत्ता चलाते रहे। नीतीश कुमार के इस बयान के बाद आरजेडी के विधायकों में नाराजगी फैल गई और उन्होंने सदन के बाहर सीढ़ियों पर धरना देना शुरू कर दिया।

**नए कानून के जरिए आरक्षण को मिले संवैधानिक सुरक्षा**-आरजेडी नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि उनकी पार्टी फिर से आरक्षण बढ़ाने के लिए एक नया कानून लाने की मांग करती है। उन्होंने केंद्र की एनडीए सरकार से मांग की कि इस कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में डाला जाए, ताकि इसे न्यायिक समीक्षा से बचाया जा सके।

सदन के अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने इस हंगामे पर नाराजगी जताते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जब सदन को संबोधित कर रहे हों, तो सभी सदस्यों को अपनी सीट पर रहना चाहिए। यह कोई पहली बार नहीं है जब नीतीश कुमार और राबड़ी देवी के बीच सदन में तीखी बहस हुई हो। दोनों नेताओं के बीच पिछले कुछ महीनों में कई बार जुबानी जंग देखने को मिली है। लेकिन इस बार मुख्यमंत्री द्वारा राबड़ी देवी पर निजी टिप्पणी करने से राजनीतिक गलियारों में यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

# भगत सिंह के शहादत दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा करे सरकार : इंद्रजीत सिंह अस्त

एनपीटी ब्यूरो

बागपत। शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु व शहीद सुखदेव जी का शहादत दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन इंद्रजीत सिंह अस्त ने की। कार्यक्रम में आये अतिथियों को इंद्रजीत सिंह अस्त ने पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति-पत्र व स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए इंद्रजीत सिंह अस्त ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह, शहीद राजगुरु व शहीद सुखदेव जी के शहादत दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने वीर शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि हमें अपने देश से प्रेम करना चाहिए और वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार सह अधीक्षक तिहाड़ जेल, सरदार जगजीतसिंह मुद्दड़ अंतर्राष्ट्रीय सिख नेता, सरदार देवेंद्र सिंह साहनी, सरदार हरविंदर सिंह सोखी, सरदार राजदेव सिंह खुरमी, हरजीत कौर टक्कर, सरबजीत कौर, पूजा शर्मा, बबली शर्मा, सरदार परमजीत सिंह मरवा, नरेश शर्मा नीतू, चकित रवि, सरदार त्रिलोचन सिंह, शोभा चौधरी, इंद्रजीत कौर, सुरेंद्र कुमार वधवा सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।



# बागपत के मुकीमपुरा में निषाद पार्टी की अहम बैठक, 2026 चुनाव को लेकर बनी रणनीति



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत, बागपत के छपरौली विधानसभा क्षेत्र के गांव मुकीमपुरा में सोमवार को निषाद पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निषाद पार्टी क्रांतिकारी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने की, जबकि कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पन्नालाल कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

बैठक में आगामी 2026 के जिला पंचायत, प्रधानी और बीडीसी चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि बागपत जिले में निषाद पार्टी के कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले चुनावों में पार्टी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी और जिले में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

इस मौके पर पन्नालाल कश्यप ने कहा, निषाद पार्टी समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। 2026 के चुनावों में निषाद समाज को संगठित होकर अपनी ताकत दिखानी होगी। हम गांव-गांव तक अपनी पार्टी की विचारधारा को पहुंचाएंगे और पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।

बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और चुनावी रणनीतियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट रहकर चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया।

बैठक में उपस्थित प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ताः रविंद्र कश्यप - संगठन जिला अध्यक्ष जितेंद्र कश्यप - युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष

बाबू कश्यप अमेरिका निषाद सरवन कश्यप - जिला संयोजक सुरेश कश्यप - विधानसभा अध्यक्ष इसके अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी बैठक में मौजूद रहे। सभी ने निषाद पार्टी को मजबूत करने और 2026 के चुनावों में पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया।

# बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बरेली में गिनाईं यूपी सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धियां

एनपीटी ब्यूरो

बरेली । उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बरेली में एक प्रेस वार्ता की। उन्होंने ह्यसेवा, सुरक्षा, सुशासन और सम्मानह्न की नीति पर सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और विपक्ष पर भी करारा प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार के आठ साल ह्य विकास और सुशासन की मिसाल है। प्रेस वार्ता के दौरान भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश अराजकता, भ्रष्टाचार और गुंडाराज के लिए जाना जाता था, लेकिन योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने कहा, ह्आज उत्तर प्रदेश भयमुक्त, माफिया मुक्त और विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार की नीति ह्यसेवा, सुरक्षा, सुशासन और सम्मानह्न पर आधारित है, जिससे जनता का भरोसा बीजेपी पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों में यूपी सरकार ने कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है।



# मण्डलीय फैसीलिटेशन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई

एनपीटी ब्यूरो

बरेली , मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में आज फैसीलिटेशन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में फैसीलिटेशन काउंसिल के सचिव श्री बीरेन्द्र कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग, बरेली मण्डल बरेली, श्री दिनेश गोयल एवं श्री एस0के0 सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम बैठक में 43 नये केसेज पंजीकृत किये गये। काउंसिल के समक्ष कंसिलियेशन एवं आर्बाट्रिशन के 75 केस जिसमें कुल रू0 5,25,51,316-00 भुगतान हेतु लम्बित हैं, पर सुनवाई की गयी। कंसिलिएशन के अन्तर्गत 8 इकाईयों के लम्बित भुगतान रू. 69,41,563/- का पूर्ण भुगतान कराया गया एवं 4 इकाई के लम्बित रू. 21,03,433/- के भुगतान में से रू.18,77,500/- का भुगतान कराया गया। कंसिलिएशन की बैठक में वादी एवं प्रतिवादी को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से भी प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया गया।

# वसुंधरा योजना में अवैध निर्माण को किया ध्वस्त



गाजियाबाद । वसुंधरा योजना के तहत सेक्टर 17 में स्थित तीन मंजिला भवनों में भूतल पर रहने वाले आवंटी ने भूतल पर अपने फ्लैट के सामने, सार्वजनिक स्थान को अवैध निर्माण कर कब्जा करने का प्रयास किया था। यह अवैध निर्माण सोमवार को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई निर्माण खंड एक की टीम ने की। आवास विकास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने बताया कि पिछले आठ माह में 112 ध्वस्तिकरण, 33 सीलिंग और 32 बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा, करीब 14.5 हेक्टेयर भूमि जिसकी वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 1800 करोड़ है, को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है।

# मण्डलीय फैसीलिटेशन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई

एनपीटी ब्यूरो

बरेली , मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में आज फैसीलिटेशन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में फैसीलिटेशन काउंसिल के सचिव श्री बीरेन्द्र कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग, बरेली मण्डल बरेली, श्री दिनेश गोयल एवं श्री एस0के0 सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम बैठक में 43 नये केसेज पंजीकृत किये गये। काउंसिल के समक्ष कंसिलियेशन एवं आर्बाट्रिशन के 75 केस जिसमें कुल रू0 5,25,51,316-00 भुगतान हेतु लम्बित हैं, पर सुनवाई की गयी। कंसिलिएशन के अन्तर्गत 8 इकाईयों के लम्बित भुगतान रू. 69,41,563/- का पूर्ण भुगतान कराया गया एवं 4 इकाई के लम्बित रू. 21,03,433/- के भुगतान में से रू.18,77,500/- का भुगतान कराया गया। कंसिलिएशन की बैठक में वादी एवं प्रतिवादी को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से भी प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया गया।

# हिंडन पर नए पुल के लिए सेतु निगम ने शासन को भेजा डीपीआर

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। सिद्धार्थ विहार में हिंडन नदी पर नए पुल के निर्माण में करीब 35 करोड़ की लागत आने का अनुमान है। सेतु निगम ने नए पुल के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट शासन को भेज दी है। चार लेन यानी 15 मीटर की चौड़ाई में 240 मीटर लंबा पुल बनाया जाएगा।

सेतु निगम अधिशासी अभियंता रजनीश यादव ने बताया कि सर्वे का काम पूरा होने के बाद भू-परीक्षण का काम भी लगभग पूरा हो गया है। अगले महीने टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाने की उम्मीद है। बजट मिलते ही मई-जून में निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। इस पुल के लिए सिंचाई विभाग से भी अनुमति मिल गई है। राज्य के जल शक्ति मंत्रालय से भी हरी झंडी मिल चुकी है।

10 साल से चली आ रही थी मांग-लाइनपार आरडब्ल्यू अध्यक्ष आरके आर्य ने बताया कि 10 साल पहले आवास विकास की ओर से यहां सिद्धार्थ विहार और गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट के साथ कई आवासीय योजनाएं लाई गई थी। इंदिरापुरम और वसुंधरा जाने के लिए हिंडन पर एक सकरा पुल है जो सिंगल लेन है। आबादी बढ़ने के बाद इस रोड पर अक्सर जाम की स्थिति रहती है। लोगों को पांच किलोमीटर से अधिक का चक्कर लगाकर जाना पड़ता है। लाइनपार की आबादी करीब पांच लाख है। इस पुल के बनने से लाखों लोगों को फायदा होगा।

**18 महीने में बनकर हो जाएगा तैयार**

हिंडन के नए पुल के निर्माण में 12 से 18 महीने का समय लगेगा। पुल के बीच मे डिवाइडर बनाया जाएगा। पुल के दोनों छोर पर फुटपाथ भी बनाया जाएगा। सिद्धार्थ विहार निवासी नंद नेगी का कहना है कि इस पुल के बन जाने से नोएडा और दिल्ली के लिए आवागमन सरल हो जाएगा। इसी के साथ ही यातायात भी सामान्य हो जाएगा।

- सिद्धार्थ विहार में बनेगा नया पुल
- अप्रैल से काम शुरू होने की उम्मीद
- चार लेन का बनेगा पुल
- सिद्धार्थ विहार से वसुंधरा और इंदिरापुरम की दूरी हो जाएगी कम
- पांच किलोमीटर का चक्कर लगाने से बचेंगे शहर के लोग
- 18 महीने में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य

# लोनी विधायक के समर्थन में आया गाजियाबाद बार

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा निकाली जा रही कलश यात्रा के दौरान हुए विवाद में गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने विधायक का समर्थन किया है। बार एसोसिएशन ने बार सदस्य विधायक नंदकिशोर गुर्जर के साथ हुई दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए प्रदेश सरकार से मांग की गई कि दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

सोमवार को बार अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में एसोसिएशन की आपात वर्चुअल बैठक बुलाई गई। सचिव अमित नेहरा ने कहा कि बार एसोसिएशन के सदस्य लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर एडवोकेट प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान राम की कलश यात्रा निकाल रहे थे। यात्रा के दौरान बार सदस्य विधायक नंद किशोर गुर्जर के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। बदसलूकी और बदतमीजी भी की गई। यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा अवरोध उत्पन्न करने, सम्मानित सदस्य के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग और बदतमीजी करने पर बार एसोसिएशन घोर निंदा करती है। बार एसोसिएशन प्रदेश सरकार से मांग करती है कि संबंधित दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

# समाजवादी पार्टी मीरगंज विधानसभा के होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

एनपीटी ब्यूरो



बरेली ,मीरगंज। गुरुवार को मीरगंज एक बारात घर में आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश गंगवार ने की मुख्यातिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप रहे संचालन जिला सचिव बृजेश श्रीवास्तव सविता ने किया इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जनता की नब्ज को टटोला तथा इसी बहाने पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया।

समाजवादी पार्टी के होली मिलन समारोह में उमड़े जन समुदाय को देखकर ऐसा लगा मानो समाजवादी पार्टी पीडीए पंचायतों के सहारे जनता के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं, तथा आने वाले समय में विधानसभा चुनाव में अपना दम खम दिखायेगी। होली मिलन के दौरान जन समुदाय को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप कहां की जनता मौजूदा सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है। आने वाला समय निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी का है।

जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह पटेल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में हम अपनी सरकार बनाने जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा युवा अब हम लोगे के साथ और वो पूरी तरह से समझ चुका है कि बीजेपी ने उन्हें रोजगार के नाम पर ठगने का काम किया है जनता समाजवादी पार्टी को उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।

सपा के होली मिलन समारोह में प्रमुख रूप से सुरेन्द्र सोनकर,रणवीर सिंह जाटव, जिला सचिव बृजेश श्रीवास्तव सविता, स्मिता यादव,जितेन्द्र मुंडे,उषा यादव,अंकित बाल्मीकि, रामसेवक प्रजापति, अविनाश मिश्रा, बृजेश आजाद, जितेन्द्र ,तेजपाल सागर मौजूद रहे।

# उम्मे कुलसुम ने अपनाया सनातन धर्म, ममता बनकर लिए सात फेरे

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। आंवला थाना क्षेत्र के मनौना गांव निवासी युवती उम्मे कुलसुम ने अपने प्रेमी राजेश से प्रेम विवाह कर लिया। राजेश भी गांव मनौना का निवासी है। दिल्ली में सिलाई का काम करने वाले राजेश से कुलसुम की कुछ साल पहले दोस्ती हुई थी, जो मोबाइल पर लंबी बात के बाद प्यार में बदल गई। दोनों ने शादी करने का निर्णय लिया, लेकिन अलग समुदाय के कारण कुलसुम के घरवालों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। इस पर कुलसुम अपने घर छोड़कर प्रेमी के पास पहुंच गई।

बीते दिवस दोनों बरेली के अगस्त्य मुनि आश्रम पहुंचे और महंत केके शंखधार के सामने शादी करने की इच्छा जताई। महंत के मुताबिक युवती बालिग है।

उसने बालिग होने का प्रमाणपत्र भी दिखाया है। वहीं कुलसुम ने सनातन धर्म अपनाकर अपना नाम ममता रख लिया है। इसके बाद प्रेमी राजेश संग सात फेरे लिए। उम्मे कुलसुम उर्फ ममता ने बताया कि उसने अपनी मर्जी से शादी की।



# राजश्री में पर्यावरण संरक्षण वाद-विवाद प्रतियोगिता में रानी बनी विजेता एवं संस्थान में हुआ पौधा-रोपण

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। राजश्री इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी बरेली में पर्यावरण निदेशालय द्वारा संचालित जिला योजना के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजश्री पॉलीटेक्निक संस्थान, राजश्री महाविद्यालय, लॉ कालेज, राजश्री आयुर्वेदिक संस्थान, प्रबन्धन विभाग के छात्र-छात्राओं ने विकास एवं पर्यावरण पर विश्लेषणात्मक विचार प्रस्तुत किये।

संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि पारिस्थितिक तन्त्र के सुचारू रूप से संचालन और तेजी से हो रहे विकास के मध्य संतुलन बनाकर हम अपनी वसुधा पर पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली से आये क्षेत्रीय अधिकारी श्री चन्द्रेश कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण के महत्व को समझाया। इस अवसर पर विकास और पर्यावरण विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में बी0ए0एल0एल0बी0 की छात्रा रानी को प्रथम, बी0टेक0 से मो0 अफाक को द्वितीय एवं प्रबन्धन विभाग से उमरा खान को तृतीय विजेता घोषित कर ट्रॉफी व सर्टिफिकेट से नवाजा गया।



## संपादकीय


# न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर आंच

दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास के एक स्टोररूम से कथित रूप से बेहिसाब नगदी की बरामदगी ने देश के जनमानस व न्यायिक बिरादरी को झकझोरा है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की एक जांच समिति गठित की है। वहीं पारदर्शिता सुनिश्चित करने और गलत सूचनाओं को दूर करने के लिये सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक की है। इस रिपोर्ट ने निष्कर्ष दिया है कि पूरे मामले की गहन जांच की आवश्यकता है। ऐसा जरूरी भी था क्योंकि उच्च न्यायपालिका की ईमानदारी और विश्वसनीयता दांव पर है। हालांकि, न्यायाधीश ने दावा किया है कि उनके या परिवार के किसी सदस्य द्वारा स्टोर रूम में कभी कोई नकदी नहीं रखी गई थी। इस बयान ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। सवाल उठाया जा रहा है कि कड़ी सुरक्षा में रहने वाले सरकारी आवास में क्या बिना जानकारी के पैसा रखा जा सकता है? तो क्या किन्हीं आवासीय कर्मचारियों या बाहरी लोगों ने ऐसा कृत्य किया? यदि यह वास्तव में जज को फंसाने की सजिश थी, तो उसमें कौन लोग शामिल थे? निश्चित रूप से ऐसे सवालों का जवाब मिलने में विलंब से अविश्वास की धुंध और गहरी होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपनाए गए ऐतिहासिक- ह्वन्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथनह्न में यह निर्दिष्ट किया गया था कि किसी न्यायाधीश द्वारा ऐसा कोई कार्य या चूक नहीं होनी चाहिए, जो उनके उच्च पद और उस पद के प्रति सार्वजनिक सम्मान के अनुरूप न हो।ह्न निस्संदेह, न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कम करने वाले किसी भी विवाद की गहरी जांच होनी चाहिए। साथ यह भी जरूरी है कि जांच निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूरी हो। वास्तव में सत्य, न्याय और न्यायिक जवाबदेही के हित में ऐसे मामलों में कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाने का दायित्व अदालतों और जांच एजेंसियों का है। बहरहाल,शीर्ष अदालत ने विवादों में घिरे न्यायाधीश के प्रति सख्त रवैया अपनाते हुए उन्हें न्यायिक कामकाज से अलग रखने के निर्देश दिए हैं। सार्वजनिक विमर्श में उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने की चर्चा भी रही। इस मामले में शीर्ष अदालत ने जिस तरह तत्परता से कार्रवाई की और पारदर्शिता बनाये रखने के लिये कदम उठाए, उसे सराहा गया। यहां तक कि दिल्ली हाईकोर्ट ने जस्टिस वर्मा के घटनाक्रम से जुड़े कॉल्स सुरक्षित रखने को कहा है। यहां तक कि अदालत ने पिछले छह माह के कॉल रिकॉर्ड भी पुलिस से मांगे हैं। वहीं दूसरी ओर शीर्ष अदालत ने पुलिस द्वारा रिकॉर्ड वीडियो, तस्वीरें व शुरूआती जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक विमर्श में ला दी है। निश्चित रूप से न्याय की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति से बेदाग होने की उम्मीद की जाती है। सोशल मीडिया पर इस प्रकरण से जुड़ी सामग्री के वायरल होने के बाद लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी, ताकि सच सामने आ सके। यदि कोई साजिश है तो उसका खुलासा हो और यदि नहीं तो न्यायिक व्यवस्था की शुचिता अक्षुण बनाये रखने के लिये सख्त कार्रवाई की जाए। यह एक हकीकत है कि अन्याय के विरुद्ध उम्मीद की अंतिम किरण लेकर व्यक्ति न्याय की चौखट पर दस्तक देता है। यदि ऐसे प्रकरण सच साबित होते हैं तो उसके विश्वास को धक्का लगेगा। निस्संदेह, न्याय व्यवस्था का सवालों के घेरे में आना एक गंभीर मुद्दा है। इस घटनाक्रम से न्याय व्यवस्था पर छींटे आए हैं, उन्हें साफ करना जरूरी है। आम लोगों को विश्वास है कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित जांच समिति सच को सामने लाने में पारदर्शी व निष्पक्ष कार्रवाई करेगी। लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभ की शुचिता बनाये रखने के लिये यह बेहद जरूरी भी है। निस्संदेह, न्यायपालिका का लक्ष्य सिर्फ संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करना ही नहीं है बल्कि सार्वजनिक जीवन में निष्पक्षता, ईमानदारी और विश्वसनीयता के मूल्यों के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करना भी है। कमोबेश यहां न्यायिक अस्मिता को अक्षुण्ण बनाये रखना भी अनिवार्य शर्त है। अन्यथा न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर आंच आ सकती है।

# संघ के कर्नाटक-मंथन में नये संकल्प-नयी दिशाएं

**कर्नाटक बैठक की टंकार में संघ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। ह्वबांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वानह्न शीर्षक वाले एक प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय ताकतों और ह्वअमेरिका में डीप स्टेटह्न के प्रयासों का उल्लेख किया गया। संघ ने स्पष्ट किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जिम्मेदारी भारत की है और ह्वहम इस कर्तव्य से बच नहीं सकते।ह्न निश्चित ही धार्मिक संस्थानों पर व्यवस्थित हमलों, क्रूर हत्याओं, जबरन धर्मांतरण और हिन्दुओं की संपत्तियों को नष्ट करने के चक्र ने बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है। इसलिये संघ द्वारा धार्मिक असहिष्णुता और मानवाधिकारों के उल्लंघन के इन कृत्यों की कड़ी निंदा की गई है और वैश्विक समुदाय से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक अपने स्थापना के शताब्दी वर्ष प्रवेश के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर बेंगलुरु में सफलतापूर्णक एवं ऊर्जामय माहौल में संपन्न हुई, जिसमें औरंगजेब विवाद, तीन-भाषा फॉमूर्ला, परिसीमन और बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर चर्चा ने एक अपूर्व वातावरण का निर्माण किया। जिसमें दुनिया में शांति और समृद्धि लाने के तर्क पर एक सौहार्दपूर्ण और संगठित हिंदू समाज के निर्माण का आह्वान किया गया। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा महासचिव बीएल संतोष सहित आरएसएस से जुड़े 32 संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया। आरएसएस की स्थापना विशेष रूप से भारतीय हिन्दू समाज में राष्ट्रीयत्व भाव जागृत करने, हिन्दुओं को संगठित करने एवं हिन्दू समाज के बीच समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से हुई और इन सौ वर्षों में न केवल इन लक्ष्यों को हासिल किया गया है बल्कि अनेक रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियों एवं योजनाओं के साथ अपनी एक स्वतंत्र एवं अलग छवि का निर्माण किया है। इस वर्ष की वार्षिक बैठक न केवल विशेष बल्कि नवीन संकल्पों की वाहक बनी है, क्योंकि बैठक ने सकारात्मक क्रांतिकारी विचारों से न केवल राष्ट्र में सक्रिय नकारात्मक एवं अराष्ट्रीय ताकतों को सख्त संदेश दिया गया बल्कि पडौसी बांग्लादेश-पाकिस्तान-चीन आदि देशों की कुचेष्टाओं के लिये ललकारा भी गया एवं सावधान भी किया गया है। अठहत्तर वर्ष की देहरी पर खड़े होकर राष्ट्र के अतीत को देखा-परखा जाए तो ऐसा लगता है कि अब राष्ट्र का कायाकल्प हो रहा है। मूलभूत आस्थाओं एवं राष्ट्रीयता के दृढ़ीकरण के साथ देश में जो नई चेतना आई है, वह संघ जैसे शक्तिशाली संगठन का जीवंत साक्ष्य है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी-भावना, हिन्दू-संस्कृति के ऊर्जा के अक्षय स्त्रोतों की खोज में जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह



अभूतपूर्व है। जन-आकांक्षा के अनुरूप राष्ट्र को जिस युगीन परिवेश में प्रस्तुति दी जा रही है, वह असाधारण है। इन सब परिवर्तनों-परिवर्धनों एवं राष्ट्र को सशक्त करने के बावजूद संघ की सादगी का सौन्दर्य निराला है और कर्नाटक बैठक इसी सादगी के सौन्दर्य के अनूठेपन को लिये हुई थी।

दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में सभी स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे पूरे समाज को सज्जन शक्ति के नेतृत्व में एकजुट कर, दुनिया के सामने एक संगठित और सामंजस्यपूर्ण भारत का आदर्श प्रस्तुत करें। इसमें बैठक में मुख्य रूप से कहा गया है कि भारत एक प्राचीन और समृद्ध संस्कृति वाला देश है और इसमें एकजुट दुनिया बनाने का अद्भुत ज्ञान एवं सक्षमता है। आरएसएस ने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य पूरी मानवता को विभाजन और विनाश की प्रवृत्तियों से बचाना है और सभी जीवों के बीच शांति और एकता की भावना को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, आरएसएस ने हिंदू समाज को अपने वैश्विक उत्तरदायित्व को पूरा करने के लिए संगठित और सामूहिक जीवन की आवश्यकता पर बल दिया है, जो ह्वधर्मह्न पर आधारित आत्मविश्वास से भरा हो। साथ ही बैठक में पारित प्रस्तावों में यह भी कहा गया कि सभी प्रकार के भेदभावों को खारिज कर, एकजुट आचरण और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाते हुए हमें एक आदर्श समाज का निर्माण करना चाहिए। यह समाज भौतिक समृद्धि के साथ-साथ आध्यात्मिकता से भी परिपूर्ण होगा, जो समाज की समस्याओं का समाधान करेगा और चुनौतियों को कम करेगा। इस वर्ष की बैठक का हर बोल अनमोल है, हर चरण एक मंजिल है, हर संकल्प नये भारत-सशक्त भारत की दिशा है और हर क्रिया एक सन्देश है। संघ का जीवन और दर्शन, विचार और सोच अन्तरमन को कुरेदने वाली ऐसी प्रेरणा है जो जागृत अवस्था में सोने वाले लोगों का झकझोर देती है।

इस बैठक की खास बात यह रही है कि इसमें संघ की तरफ से भाजपा के बारे में सीधे सवालों से दूरी बनाए रखी गयी। हालांकि, परिसीमन के मुद्दे पर दक्षिण के राज्यों में सीटें कम नहीं होने को लेकर भाजपा को संदेश भी दे दिया। परिसीमन को लेकर संघ ने साफ कहा कि दक्षिणी राज्यों का लोकसभा में अनुपात वही रहेगा। इसके साथ ही संघ ने तीन-भाषा फामूर्ले पर संतुलित रुख बनाए रखा गया। ऐसे समय में जब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार त्रिभाषा फामूर्ले को लेकर असमंजस में हैं, आरएसएस ने इस विवाद को दरकिनार करते हुए मातृभाषा, व्यक्ति के निवास स्थान की क्षेत्रीय भाषा तथा करियर की भाषा, जो अंग्रेजी या कोई अन्य भाषा हो सकती है, के उपयोग की वकालत की है। संघ ने महाराष्ट्र में मुगल बादशाह औरंगजेब को लेकर चल रहे विवाद को लेकर मुगल शासक की तीव्र एवं तीखी आलोचना की। खास बात यह देखने को मिली कि संघ की तरफ से औरंगजेब की आलोचना के साथ ही उसके भाई दारा शिकोह का जश्न भी मनाया, क्योंकि दारा शिकोह सामाजिक सद्भाव में विश्वास करने वाला व्यक्ति था। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाया गया था। औरंगजेब ह्वभारत के लोकाचारह्न के खिलाफ था और अगर वैसी ही ह्वआक्रमणकारी मानसिकताह्न अभी भी मौजूद है तो यह देश के लिए खतरा है। जो इस भूमि की सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने की कुचेष्ठा भी है। निश्चित ही इस तरह कोई विकृत संस्करण या नैरेटिव प्रस्तुत करना चाहता है, तो उसका मुकाबला किया ही जाना चाहिए।

कर्नाटक बैठक की टंकार में संघ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। ह्वबांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वानह्न शीर्षक वाले एक प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय ताकतों और ह्वअमेरिका में डीप स्टेटह्न के प्रयासों का उल्लेख किया गया। संघ ने स्पष्ट किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जिम्मेदारी भारत की है और ह्वहम इस कर्तव्य से बच नहीं सकते।ह्न निश्चित ही धार्मिक संस्थानों पर व्यवस्थित हमलों, क्रूर हत्याओं, जबरन धर्मांतरण और हिन्दुओं की संपत्तियों को नष्ट करने के चक्र ने बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है।

इसलिये संघ द्वारा धार्मिक असहिष्णुता और मानवाधिकारों के उल्लंघन के इन कृत्यों की कड़ी निंदा की गई है और वैश्विक समुदाय से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। इस बैठक ने हिन्दुओं को आश्वस्त किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के भविष्य में कोई मुश्किल स्थिति आती है, तो हम पीछे नहीं हट सकते। अगर ऐसी स्थिति आती है, तो हम उसका समाधान करेंगे। भाजपा के नये अध्यक्ष के चयन को लेकर भी संघ ने स्पष्ट किया कि भाजपा के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर उसका पार्टी के साथ कोई मतभेद नहीं है। संघ ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से भाजपा पर निर्भर है। भाजपा की प्रक्रिया चल रही है, सदस्यता पूरी हो चुकी है और विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन हो चुका है। आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष का चुनाव होगा। इससे पहले चर्चा चल थी कि भाजपा और आरएसएस किसी उपयुक्त उम्मीदवार पर सहमत नहीं हो पाए हैं, जिससे दोनों संगठनों के बीच टकराव की अटकलें लगाई जा रही हैं।

कर्नाटक बैठक से एक बार फिर पुरजोर तरीके से उजागर हुआ कि संघ हिन्दू सनातन संस्कृति को भारत के जन-जन के मानस में प्रवाहित करने का सफल एवं सार्थक कार्य करने को प्रतिबद्ध है। ताकि प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो एवं उनके लिये भारत प्रथम प्राथमिकता बन सके। यह कार्य संघ अपने स्वयंसेवकों द्वारा समाज के बीच जाकर करने का प्रयास करता है और यह कार्य आज पूरे विश्व में शांति एवं समरसतापूर्ण जीवन स्थापित करने के लिये एक जरूरी आवश्यकता है। पिछले आठ दशकों में लगातार हिन्दू-संस्कृति को कमजोर करने की राजनीतिक चालों को भी संघ ने समय-समय पर आड़े हाथ लिया है। दरअसल हिन्दू धर्म नहीं, विचार है, संस्कृति है। हिन्दू राष्ट्र होने का अर्थ धर्म से न होकर हिन्दू संस्कृति के सर्वग्राही भाव से है।

हिन्दू संस्कृति उदारता का अन्तर्निहित शंखनाद है क्योंकि पूरे विश्व में यह अकेली संस्कृति है जो बहुविचारवाद यानी सभी धर्म, विचार एवं संस्कृतियों को स्वयं में समेटे हैं। कर्नाटक बैठक हिन्दू संस्कृति के वृहद स्वरूप का ही सौपान बनी है।

# विश्वसनीय बनाएं सामुदायिक सेवा की सजा को

सजा के तौर पर सामुदायिक-सेवा को शामिल करना भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में पुनःस्थापनात्मक न्याय की अवधारणा के दर्शन कराता है। जिसमें अपराधियों को बिना हिरासत में लिए सुधारात्मक उपायों का प्रतिबिम्ब देखने को मिलता है।

माह जनवरी 2025 में, जम्मू में तीसरे अतिरिक्त दण्डाधीश के न्यायालय ने एक व्यक्ति को यातायात में बाधा डालने और सार्वजनिक स्थल पर हल्ला-गुल्ला करने का दोषी पाते हुए एक सप्ताह की सामुदायिक-सेवा करने की सजा सुनाई। उसे डैन्सल में एक स्वास्थ्य केन्द्र में सफाई करने के आदेश दिए। एक अन्य मामले में, इसी अदालत ने एक अन्य दोषी को एक सप्ताह तक प्रतिदिन तीन घंटे के लिए झंज्जर कोटली में एक सार्वजनिक पार्क को साफ करने का आदेश दिया। दोनों मामलों में पुलिस थाना प्रभारी को अनुपालना सुनिश्चित करवाने और फोटोग्राफिक साक्ष्य के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिये।

इसी माह, ऐसे ही तीसरे मामले में कटरा की एक उप-न्यायाधीश अदालत ने अपराधी को लगातार तीन दिनों तक एक पार्क की सफाई और रख-रखाव करके सामुदायिक-सेवा का प्रदर्शन करने का निर्देश दिया। कटरा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सजा के आदेश की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। 6 मार्च 2025 को मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट चण्डीगढ ने एक यातायात उल्लंघनकर्ता को प्रवर पुलिस अधीक्षक (यातायात) के रीडर की देखरेख में पांच दिनों तक सामुदायिक-सेवा करने के आदेश दिए हैं।

सामुदायिक-सेवा को भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) की धारा 4 के अन्तर्गत सजा की सूची में पहली बार जोड़ा गया है। छह प्रकार के अपराधों में लोक सेवकों के द्वारा व्यापार (धारा 202), सार्वजनिक-सेवा करने की सजा प्रस्तावित है। कदाचार (303(2), नशे में गाड़ी चलाना (धारा 355) और मानहानि (धारा 356 (2), जैसे जुर्म शामिल हैं। सजा के तौर पर सामुदायिक-सेवा को शामिल करना भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में पुनःस्थापनात्मक न्याय की अवधारणा के दर्शन होते हैं, जिसमें अपराधियों को बिना हिरासत में लिए सुधारात्मक उपायों का प्रतिबिम्ब देखने को मिलता है।

सामुदायिक-सेवा शब्द को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) की धारा 23 में एक स्पष्टीकरण के रूप में जोड़कर परिभाषित किया गया है, जिसमें कहा गया है सामुदायिक सेवा का अर्थ उस काम से होगा जो अदालत एक सजा के रूप में निर्धारित कर सकती है। जिसके लिए दोषी को कोई पगार नहीं दी जाएगी। बिना पगार के काम करवाना संविधान के अनुच्छेद 23 द्वारा प्रतिबन्धित है। यह देखना रोचक



होगा कि फिर किस प्रकार बिना वेतन के सामुदायिक सेवा करने के आदेश को उचित ठहराया जा सकता है।

सामुदायिक-सेवा की परिभाषा में शब्द काम जो अदालत आदेश दे सकती है और जो समाज को लाभान्वित करता हो अस्पष्ट है और अनिश्चितताओं से भरे हैं, क्योंकि सुनवाई करने वाली अदालत की कल्पना के लिए बहुत कुछ छोड़ दिया गया है। जीवन की घटनाओं के बारे में प्रत्येक इंसान की व्यक्तिगत धारणाएं होती हैं, अतः सामुदायिक-सेवा के लिए उपयुक्त कार्य देने हेतु पीठासीन अधिकारी के लिए उचित कार्य न ढूंढ़ पाने की गुंजाइश हमेशा बनी रहेगी। उच्च न्यायालय के नियमों और आदेशों में इस प्रकार के कार्यों की एक विचारोत्तेजक सूची के रूप में शामिल करके इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

सामुदायिक-सेवा की सजा की निगरानी, पर्यवेक्षण और रिपोर्टिंग के लिए निष्पादन एजेंसी को नामित करने के बारे में भ्रम प्रचलित है, क्योंकि विभिन्न प्रकार के सरकारी और निजी क्षेत्र के पदाधिकारियों को अदालतों द्वारा यह कार्य दिया जा रहा है, बिना इस बात को महसूस किए कि ऐसे व्यक्तियों को इस तरह के कार्य करने के लिए प्रशिक्षित नहीं किया जाता है, और न ही वे ऐसे दोषियों को सम्भालने के लिए पर्याप्त कौशल रखते हैं। इसके अतिरिक्त, नियमों/दिशा-निदेशों की अनुपस्थिति में, वे इस तरह के महत्वपूर्ण कर्तव्य को करने के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण के बारे में भी पूरी तरह से अनभिज्ञ होते हैं। यह याद रखना चाहिए कि सामुदायिक-सेवा बीएनएस के अन्तर्गत एक सम्पूर्ण सजा है जिसके निष्पादन के लिए पूर्णरूप से आपराधिक न्याय प्रणाली की एजेंसियां ही जिम्मेदार हैं। सरकार के व्यवसाय के नियमों में कानून और न्याय गृह मंत्रालय के विषय के रूप में सूचीबद्ध किए गए है। गृह विभाग के अधिकार क्षेत्र के बाहर किसी एजेंसी को सामुदायिक-सेवा की सजा को निष्पादित करने के लिए कर्तव्य सौंपना एक बड़ी प्रशासनिक भूल होगी। यह वांछनीय है कि सामुदायिक-सेवा को गृह विभाग के कर्तव्यों की सूची में शामिल किया जाए और इसके निष्पादन के लिए आवश्यक तौर-तरीके निर्धारित किए जाए।

आपराधिक मामलों में सजा का निष्पादन करना जेल विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है, उसके लिए नियम और प्रक्रियाएं राज्यों के जेल मैनुअल में निर्धारित हैं। चूंकि, सामुदायिक-सेवा की सजा वर्तमान में ही बीएनएस में शामिल की गई है, अतः जेल के नियमों और विनियमों में इसका उल्लेख नहीं है। इसलिए, कुछ जेल प्रशासक और मैजिस्ट्रेट अक्सर सामुदायिक-सेवा की सजा पाए दोषियों और परिवीक्षा पर छोड़े गए अपराधियों में अन्तर करने में चूक जाते हैं। परिवीक्षा पर अपराधी को छोड़ना एक सजा नहीं है। यह सजा-पूर्व का सुधारात्मक आदेश है जिसमें पहली बार अपराध करने वाले अपराधी को पर्यवेक्षण में छोड़कर सुधरने का एक मौका दिया जाता है। इसे रुका हुआ फैसला कह देना ज्यादा उचित होगा।

यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पुलिस और जेल विभाग अपराध और आपराधिक सजा के सभी रिकार्ड का भण्डार है। यदि किसी दोषी को सामुदायिक-सेवा करने की सजा दी जाती है और सजा के निष्पादन के लिए एक ऐसे प्राधिकरण को रिपोर्ट करने के लिए निर्देशित किया जाता है तो जेल अधिकारी न हो तो जेल प्रशासन के लिए इस तरह की सजा का उचित रिकार्ड रख पाना लगभग असम्भव हो जाएगा। अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर छोड़े जाने वाले व्यक्तियों के रिकार्ड रखने के अनुभव से यह बहुत अच्छी तरह से स्पष्ट हो जाता है, कि परिवीक्षाधीनों आंकड़े उपलब्ध कराना सम्भव नहीं है।

सामुदायिक-सेवा की सजा को निष्पादित करने के लिए प्रक्रियाओं और तौर-तरीकों के अभाव में सजा के बारे में पर्याप्त रिकार्ड रख पाना भी असम्भव हो जाएगा। सजा देना कानूनी अदालतों के अधिकारक्षेत्र में है, परन्तु सजा कैसे दी जाएगी यह राज्यों का अनन्य क्षेत्राधिकार है। आदर्श रूप से, राज्यों को आपराधिक न्याय व्यवस्था के अन्तर्गत ही एक उचित तंत्र बनाना चाहिए और आपराधिक मामलों में सभी प्रकार की सजाओं के निष्पादन के लिए प्रक्रियाएं निर्धारित करनी चाहिए।

# शाहाबाद कोतवाली में आगामी त्यौहारो को लेकर पीस कमेटी की



शाहबाद,। आगामी त्यौहार रमजान, ईद उल फितर और नवरात्रि को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीओ हर्षिता सिंह ने कहा कि शाहबाद हमेशा से अमन पसंद शहर रहा है, इसलिए सभी नगरवासियों और क्षेत्रवासियों से अपील है कि आगामी त्यौहारों को मिलजुल कर आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। त्यौहारों पर किसी भी तरह की कोई नई परंपरा न डाली जाएं। तहसीलदार राकेश चंद्रा ने कहा कि आप लोगों ने जिस तरह से जुमे की नमाज और होली का त्यौहार शांति के साथ मनाया है वैसे ही आने वाले त्यौहारों को भी शांतिपूर्वक मनाएं। बैठक में कोतवाल पंकज पंत, ईओ पुष्पेंद्र राठौर, उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह, महेश गुप्ता, मुकेश चंद गुप्ता, गोरे खां, इमाम जावेद अली, शाजमान आर्यन, अनवर प्रधान, शप्पू खां सभासद, पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, संरक्षक सखावत अली, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, शराफत हुसैन, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, सचिव शावेज छोटे, जहीर खा, विजेंद्र मौर्य, फहीम आतिश, तकरीर अहमद आदि रहे।


# गाड़ियों के साथ बिलासपुर किसान महापंचायत में पहुंचे, युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद।सोमवार को बिलासपुर मंडी में किसानों एक बड़ी महापंचायत हुई पंचायत में शाहबाद से 80 गाड़ियां लेकर युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव पहुंचे किसानो ने मसीहा चौधरी राकेश टिकैत ने किसानों संबोधित किया

पंचायत में एम एसपी गारंटी कानून बिजली एवं पंजाब में किसानों पर पर अत्याचार को लेकर मुद्दा उठाया और कहां की किसान ट्रैक्टर तैयार रखें कभी भी आंदोलन हो सकता है पंचायत को सफल बनाने के लिए शाहबाद से हजारों किसान युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव चौधरी सुनील कुमार सिंह प्रमुख सचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्लाक अध्यक्ष खुशीराम यादव तहसील अध्यक्ष सुंदर सिंह चौधरी युवा जिला उपाध्यक्ष की नरेंद्र यादव युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव की नेतृत्व में हजारों के किसान पंचायत में शामिल हुए संजीव चौधरी नावेद खान डॉक्टर मुकेश यादव टीटू यादव हर्षित यादव अंसार सैफी गुफरान खान नन्हे रामस्वरूप मोरिया किशन लाल रंजीत यादव तेजपाल सिंह ऋषभ पांडे बबलू भाई अनिकेत चौधरी एवं हजारों मैंजूद रहे

# 80 सीएम योगी का निदेर्शः गर्मी की छुट्टी के दौरान भी खुलेंगे स्कूल, 20 मई से 15 जून के बीच लगेंगे समर कैंप



लखनऊ। यूपी के परिषदीय स्कूल गर्मियों की छुट्टियों के दौरान भी खोले जाएंगे। इस दौरान यहां समर कैंप के अलावा दूसरी गतिविधियां भी होंगी।

परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए अब गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप लगाए जाएंगे। इनमें बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई के साथ ही अतिरिक्त गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

समर कैंप 20 मई से 15 जून के बीच चयनित विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हुए सीखने के लिए प्रेरित करना है। विभाग इस पर लगभग 200 करोड़ खर्च करेगा। यह पहल न सिर्फ बच्चों के शैक्षिक विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने में भी मददगार साबित होगी।

अब तक इस तरह की कवायद सिर्फ निजी विद्यालयों में ही होती है। विभाग के अनुसार कैंप में फाउंडेशनल लिट्रेसी और न्यूमेरेसी (एफएलएन) पर आधारित गतिविधियां होंगी। जीवन कौशल, व्यक्तित्व विकास, योग, खेलकूद, विज्ञान-तकनीक आधारित प्रयोग, कला-सांस्कृतिक कार्यक्रम और पर्यावरण के प्रति उन्हें जागरूक बनाया जाएगा। कैंप सुबह डेढ़ घंटे तक ही आयोजित किए जाएंगे। शिक्षामित्र, अनुदेशक और शिक्षकों की देखरेख में कैंप का संचालन होगा। कैंप में बच्चों को सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन के तहत गुड़ की चिक्की, बाजरे का लड्डू, रामदाना लड्डू, गुड़-चना और लैया पट्टी जैसी पौष्टिक खानपान की चीजें भी दी जाएंगी।

## शुभ मुहूर्त पर होगी राम दरबार की स्थापना, पास लेकर मिलेंगे दर्शन

अयोध्या राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मई महीने के शुभ मुहूर्त पर राम दरबार की स्थापना होगी। पास लेने के बाद राम दरबार के दर्शन मिल सकेंगे। एक दिन में 800 श्रद्धालुओं को प्रवेश मिल सकेगा। यूपी के अयोध्या में मंगलवार को राम मंदिर भवन निर्माण समिति की बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा हुई। समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना होनी है। मई माह के शुरूआती 15 दिन के अंदर शुभ मुहूर्त में राम दरबार स्थापित हो जाएगा। राम दरबार के दर्शन के लिए पास की व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि एक घंटे में 50 लोगों को राम दरबार में दर्शन का पास जारी किया जाएगा। लगभग 800 लोग राम दरबार का प्रतिदिन दर्शन कर सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में 20 गैलरी का निर्माण शुरू हो गया है। भगवान के प्रसंग पर होने वाले प्रसारण में गैलरी की स्क्रिप्ट पर समीक्षा हुई है। राम मंदिर में चलने वाले सभी कार्य दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे।

# सड़क किनारे खड़े चार टेंपो का चालान, 17 ई रिक्शा सीज



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। थाना पुलिस ने सड़क किनारे खड़े चार टेंपो कर कार्रवाई करते हुए उनका चालान किया गया जबकि 17 अपंजीकृत ई रिक्शाओं को सीज करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ई रिक्शा चालकों और टेंपो संचालकों में हड़कंप मच गया।मंगलवार को शाहबाद पुलिस ने सीओ हर्षिता सिंह के नेतृत्व में नगर में पैदल गश्त किया।

पैदल गश्त के दौरान पुलिस ने अपंजीकृत ई रिक्शाओं पर कार्रवाई करते हुए 17 ई रिक्शाओं को सीज कर दिया जबकि बिलारी तिराहे के पास सीओ ऑफिस को जाने वाले रास्ते में खड़े टेंपो पर भी कार्रवाई करते हुए चार टेंपो का चालान किया गया। इस मौजूद कर कोतवाल पंकज पंत, एसआई दिलीप कुमार आदि रहे।

# आरटीईः आखिरी चरण में 28204 बच्चों को सीट हुई एलॉट, कुल चार चरणों में 1.85 लाख बच्चों मिलेगा पढ़ने का मौका

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

लखनऊ। यूपी के स्कूलों में आरटीई के तहत चौथे और आखिरी चरण की सीट एलॉटमेंट लिस्ट जारी कर दी गई है। कुल एक लाख 85 हजार बच्चों को इसके तहत प्रवेश मिला। प्रदेश में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) में चौथे व आखिरी चरण का सीट एलॉटमेंट जारी कर दिया गया। आखिरी चरण में 28004 बच्चों को सीट एलॉट हुई है। ओवर ऑल चार चरणों में कुल 1.85 लाख बच्चों को सीट मिली है। अब बेसिक शिक्षा विभाग का पूरा फोकस इन बच्चों का प्रवेश कराने पर है।

प्रदेश में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए इस साल चार चरणों में आवेदन लिए गए थे। चौथे चरण में कुल 46526 आवेदन हुए और 34604 के आवेदन स्वीकार हुए थे। इस क्रम में 28204 बच्चों को सीट एलॉट हुई है। हालांकि पिछले साल की अपेक्षा इस बार आवेदन कम हुए हैं। जबकि सभी जिलों में ज्यादा से ज्यादा आवेदन का अभियान चलाया गया था।

हालांकि सीटें पिछले साल की अपेक्षा इस बार ज्यादा आवंटित हुई हैं। क्योंकि निदेशालय की ओर से अभियान चलाकर काफी स्कूलों की मैपिंग करवाई गई है। समग्र शिक्षा के उप निदेशक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि चार चरणों के आवेदन व सीट एलॉटमेंट की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब पूरा जोर ज्यादा से ज्यादा बच्चों का प्रवेश कराने पर है। इसके लिए सभी बीएसए को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जहां दिक्कत आ रही है, उसे दूर कराया जा रहा है।

# बिहारीजी के दर्शन करने के लिए महिला ने उठाया ऐसा कदम.परिजनों के उड़े होश



मथुरा। व्रन्दावन में बिहारीजी की भक्ति में परिजन को बिना बताए महिला वृंदावन दर्शन करने के लिए ट्रेन से चल दी। आरपीएफ ने पति की सूचना के बाद जंक्शन पर उतार लिया और पति को सौंप दिया। इसके बाद पति ने बिहारीजी के दर्शन कराए और पत्नी को घर ले गए। आरपीएफ के थाना प्रभारी अवधेश गोस्वामी ने बताया कि कंट्रोल रूम से रविवार शाम को सूचना मिली कि हरिद्वार बांद्रा टर्मिनस (10920) के सामान्य कोच में एक महिला आ रही है। उसे अटेंड किया जाए। सूचना पर मुख्य आरक्षी दीवान सिंह, महिला सिपाही रिंकी आर्य ने ट्रेन के जंक्शन पहुंचने पर सामान्य कोच में पहुंचकर ट्रेन से यात्रा कर रही गुना (मध्यप्रदेश) निवासी नेहा शर्मा पत्नी मनीष शर्मा को अटेंड किया और उन्हें कोच से उतार लिया। आरपीएफ द्वारा नेहा शर्मा के मिलने की सूचना पर पति उसे लेने के लिए आरपीएफ थाने पहुंचे। पति ने नेहा को अपनी सुपुर्दगी में लेने के लिए आरपीएफ थाने पर प्रार्थना पत्र दिया। साथ ही नेहा ने लिख कर दिया कि वह अपने पति के साथ जाना चाहती है।थाना प्रभारी ने बताया कि महिला परिजनों को बिना बताए दर्शन करने के लिए आ गई थी। महिला को पति को सौंप दिया गया है।

# व्रन्दावन में सोने के घोड़े पर सवार होकर दर्शन देने पहुंचे भगवान रंगनाथ

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। वृंदावन में दक्षिण भारतीय शैली के श्री रंगनाथ मंदिर में आयोजित ब्रह्मोत्सव के आठवें दिन सोमवार को भगवान रंगनाथ सोने के घोड़े पर सवार होकर दर्शन देने निकले। शाम को भव्य आतिशबाजी का आयोजन हुआ। इस दौरान आसमान भी भक्ति की रोशनी में नहा उठा। अद्भुत भील लीला का भी आयोजन हुआ। चैत्र कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को देर शाम भगवान रंगनाथ की सवारी स्वर्ण निर्मित घोड़े पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकली। बेशकीमती आभूषणों से सुसज्जित भगवान के एक हाथ में चांदी का भाला, दूसरे में घोड़े की लगाम, पीठ पर ढाल, कमर में मूठदार तलवार और रत्नजड़ित जूतियां भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रही थीं। मंदिर से निकलकर सवारी नगर भ्रमण करते हुए जब बड़ा बगीचा पहुंची तो वहां भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया।

करीब एक घंटे तक चली आतिशबाजी ने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया। इस दौरान आतिशबाजों ने अपने हुनर से किला, हनुमान जी, मोर, श्री, राधे-राधे, और गज-ग्राह युद्ध लीला जैसी नयनाभिराम आकृतियां प्रस्तुत कीं जिन्हें देख भक्त आनंदित हो उठे। भगवान ने उनकी परीक्षा लेने के लिए आभूषण धारण कर उनके सामने प्रकट हुए। जब परकाल स्वामी भगवान से आभूषण लूटने लगे तो भगवान ने अपना दिव्य स्वरूप दिखाया। यह देख परकाल स्वामी ने प्रभु से क्षमा मांगी और उनकी शरण में आ गए। इस लीला के दौरान बच्चों ने भील का रूप धारण कर विचित्र शृंगार किया।

# पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मंत्री से मथुरा में समुचित गंगाजल आपूर्ति के लिए किया आग्रह

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मथुरा वृंदावन के विधायक श्रीकांत शर्मा से पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल ने नगर निगम मथुरा-वृन्दावन मथुरा क्षेत्रान्तर्गत 150 एमएलडी गंगाजल आपूर्ति किये जाने की मांग की है। निगम के वार्ड 47 के पार्षद प्रति. तिलकवीर चौधरी, वार्ड 68 के पार्षद कुलदीप पाठक, वार्ड 31 के पार्षद मुन्ना मलिक ने विधायक को अवगत कराया कि नगर निगम मथुरा-वृन्दावन में केवल 25 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु का आवागमन हो चुका है जिसको दृष्टिगत रखते हुये वार्ड सं.-31,37, 44, 47 एवं 68 के अतिरिक्त जिन क्षेत्रों में गंगाजल की आपूर्ति नहीं हो रही है उन सभी क्षेत्रवासियों को पेयजल की काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

विधायक श्रीकांत शर्मा से पार्षदों ने आग्रह किया कि वे नगर निगम मथुरा-वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत के लिये 150 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति कराये जाने हेतु मुख्यमंत्री से नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के लिये पेयजल की स्थायी समस्या को निराकरण कराये जाने के आदेश कराये ।

# बिहार कैडर में IAS रही निशा ग्रेवाल मथुरा में SDM सदर बनी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। सदर तहसील में जिलाधिकारी सीपी सिंह ने 2021 बैच की IAर निशा ग्रेवाल की उप जिला अधिकारी सदर के पद पर तैनाती की है। इससे पूर्व इस पद पर तैनात आईएएस रिंकू राही को जनपद से कार्य मुक्त कर दिया गया है।

समीपवर्ती राज्य हरियाणा के भिवानी जनपद की मूल निवासी IAS निशा ग्रेवाल इससे पूर्व बिहार के मोतिहारी जिले में एसडीम के रूप में 15 माह कार्य कर चुकी है। केंद्र सरकार ने उनके मूल कैडर बिहार को बदलकर यूपी कैडर में स्थानांतरित कर दिया है। नवागत उप जिला अधिकारी निशा ग्रेवाल ने सोमवार को जिलाधिकारी सीपी सिंह के समक्ष पदभार ग्रहण कर लिया है । उन्होंने अनौपचारिक वार्ता में बताया कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करना उनका मुख्य कार्य रहेगा। इसके अलावा वह जन समस्याओं के निराकरण पर अपना पूरा फोकस रखेंगी। पॉलिटिकल साइंस से ग्रेजुशन करने वाली निशा ने अपने पहले प्रयास में ऑल इंडिया रैंक 51 हासिल कर आईएएस बनने का



सपना पूरा कर लिया। उस समय उनकी उम्र सिर्फ 23 साल थी। निशा ग्रेवाल ने बताया कि उन्होंने यूपीएससी एग्जाम की तैयारी के लिए एनसीईआरटी की किताबों से अपना बेस मजबूत किया और इसके बाद स्टैंडर्ड बुक्स से तैयारी की। आईएएस निशा ग्रेवाल ने 12वीं की परीक्षा अच्छें अंकों से पास करने के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से अपनी आगे की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने पॉलिटिकल साइंस में बीए ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की है।

**बरसाना रोपवे** | **बरसाना रोपवे में क्यों आई खराबी**

# हवा में लटक गईं थीं तीन ट्रॉली, जांच करने आई आईआईटी रुड़की की टीम

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा में एक सप्ताह पहले रोपवे में आई खराबी को तो दुरुस्त कर लिया गया है। मंगलवार को आईआईटी रुड़की की टीम रोपवे का निरीक्षण करने के लिए बरसाना पहुंची। निरीक्षण के बाद सब कुछ ठीक मिलने पर दोबारा रोपवे के संचालन के लिए हरी झंडी मिल सकेगी। 18 फरवरी की दोपहर रोपवे में अचानक खराबी आने के चलते मंदिर से नीचे आ रहीं तीन ट्रॉलियां आपस में टकरा गई थीं। हालांकि किसी श्रद्धालु को कोई चोट नहीं आई थी। तभी से रोपवे का संचालन बंद है। रोपवे का संचालन करने वाली कंपनी श्री राधारानी रोपवे प्राइवेट लिमिटेड के अभियंता खामी को दूर करने में जुटे थे। इसी बीच ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने आईआईटी रुड़की की टीम को रोपवे की जांच करने के लिए पत्र भेजा था। मंगलवार को आईआईटी रुड़की की टीम प्रोफेसर एसपी हर्षा के नेतृत्व में बरसाना पहुंची। रोपवे का संचालन करने वाली कंपनी ने ने जांच के बाद



रोपवे में आई खराबी को दूर कर लिया था। इसमें सामने आया था कि पॉवर ट्रिप के कारण ही रोपवे में खराबी आई थी। अब आईआईटी रुड़की की टीम जांच के बाद यह पुष्ट की कि अब रोपवे का संचालन दोबारा शुरू किया जा सकता है। इसके बाद ही रोपवे की सुविधा श्रद्धालुओं के लिए फिर से शुरू हो पाएगी। बुजुर्ग व दिव्यांग श्रद्धालुओं को इससे परेशानी हो रही है। उन्हें जल्द रोपवे शुरू होने का इंतजार है। रोपवे का संचालन करने वाली कंपनी के निदेशक अभय राज अवस्थी ने बताया कि आगामी तीन दिन में रोपवे शुरू होने की पूरी उम्मीद है।बरसाना रोपवे में क्यों आई खराबी,

हवा में लटक गईं थीं तीन ट्रॉली; जांच करने आई आईआईटी रुड़की की टीम

मथुरा में एक सप्ताह पहले रोपवे में आई खराबी को तो दुरुस्त कर लिया गया है। मंगलवार को आईआईटी रुड़की की टीम रोपवे का निरीक्षण करने के लिए बरसाना पहुंची। निरीक्षण के बाद सब कुछ ठीक मिलने पर दोबारा रोपवे के संचालन के लिए हरी झंडी मिल सकेगी। 18 फरवरी की दोपहर रोपवे में अचानक खराबी आने के चलते मंदिर से नीचे आ रहीं तीन ट्रॉलियां आपस में टकरा गई थीं। हालांकि किसी श्रद्धालु को कोई चोट नहीं आई थी। तभी से रोपवे का संचालन बंद है। रोपवे का संचालन करने वाली कंपनी श्री राधारानी रोपवे प्राइवेट लिमिटेड के अभियंता खामी को दूर करने में जुटे थे। इसी बीच ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने आईआईटी रुड़की की टीम को रोपवे की जांच करने के लिए पत्र भेजा था। मंगलवार को आईआईटी रुड़की की टीम प्रोफेसर एसपी हर्षा के नेतृत्व में बरसाना पहुंची। रोपवे का संचालन करने वाली कंपनी ने ने जांच के बाद रोपवे में आई खराबी को दूर कर लिया था। इसमें सामने आया था कि पॉवर ट्रिप के कारण ही रोपवे में खराबी आई थी। अब आईआईटी रुड़की की टीम जांच के बाद यह पुष्ट की कि अब रोपवे का संचालन दोबारा शुरू किया जा सकता है। इसके बाद ही रोपवे की सुविधा श्रद्धालुओं के लिए फिर से शुरू हो पाएगी। बुजुर्ग व दिव्यांग श्रद्धालुओं को इससे परेशानी हो रही है। उन्हें जल्द रोपवे शुरू होने का इंतजार है। रोपवे का संचालन करने वाली कंपनी के निदेशक अभय राज अवस्थी ने बताया कि आगामी तीन दिन में रोपवे शुरू होने की पूरी उम्मीद है।

# थाना प्रांगण बार मे शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर बार- रमजान के पवित्र माह व हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक ईदुल फितर, चैत्र नवरात्रि हिन्दू नव वर्ष के त्यौहार को लेकर थाना प्रांगण में प्रभारी निरिक्षक राजा दिनेश सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई । जिसमें उन्होंने आगामी त्योहार को मनाए जाने के विषय पर चर्चा की व सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की । हिन्दू मुस्लिम समुदाय के सभी लोगो से उन्होंने विस्तृत रूप से त्योहार



के बारे में जानकारी प्राप्त की । जिस पर सभी ने अपने अपने सुझाव रखे। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक ने सभी से शांति व्यवस्था व सौहार्द बनाये रखने की बात कही। कस्बे की समस्याओं जैसे ईद के मौके पर कस्बे की साफ सफाई व आवारा सुवरो से होने वाली समस्या पर चर्चा हुई बैठक मे मुख्यरूप हरपाल सिंह सिसोदिया,रमेश सहरिया ग्राम प्रधान बार, शेरसिंह यादव, रोहित यादव, विक्की कुशवाहा,इमरत अहिरवार, अजीज अली, नबाब खा, सोएब खान, मु इसराइल, मु मूसा, राहुल मिश्रा, राहुल झा, राघवेंद्र, दिनेश राजपूत, अशोक रैकवार, दीपक वाल्मीकि, सलीम खा, कय्यम खां, देवसिंह, सरीफ खां, रक्षपाल सिंह अन्य गांवो के प्रधान जनप्रतिनिधियों सहित सहित कस्बे के सभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने बताई योगी सरकार की आठ साल की उपलब्धियां, किया विकास पुस्तिका का विमोचन

चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर सेवा, सुरक्षा व सुशासन की दिशा में प्राप्त की गई उपलब्धियों की जानकारी लोगों को दी गई। माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण करने के बाद प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने सूचना विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई उत्तर प्रदेश के उपयोगी आठ वर्ष की विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम हाल में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर पीएम मोदी व सीएम योगी के नेतृत्व में जो विकास कार्य कराए गए हैं, उसकी जानकारी पुस्तिका के माध्यम से लोगों को दी जा रही है। इसमें दिव्य एवं भव्य महाकुंभ प्रयागराज 2025 की प्रस्तुति भी दिखाई गई है। कहा कि इन आठ वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को लेकर पीएम मोदी ने देश व सीएम योगी ने प्रदेश में जो विकास कार्य धरातल



पर कराए हैं, वह पहले की सरकारें नहीं कर पाईं हैं। कहा कि वर्ष 2017 के बाद से भाजपा सरकार में कोई भी गुंडा पनप नहीं पा रहा है। प्रदेश में 18 अटल आवासीय विद्यालय बनाए जा रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने वाले अभियान के जिला संयोजक आनंद सिंह पटेल ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश एवं भापजा की सरकार बनने के बाद का उत्तर प्रदेश किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने से पूरे उत्तर प्रदेश की उन्नति हुई है तथा उत्तर प्रदेश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है।

इस दौरान प्रभारी मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण किए। साथ ही भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को कृषि यंत्र प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन स्वीकृति पत्र, दिव्यांग किट, ऋण चेक, आयुष्मान कार्ड, ट्रिपल सी प्रमाण पत्र, शादी अनुदान प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया। साथ ही हडिया बाबा पोस्ट ग्रेजुएट विद्यालय, श्री भगवान दीन सिंह पटेल महाविद्यालय के विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण व स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

इसके पूर्व प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के संबंध में लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही जनपद में पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

# आगामी त्यौहार को लेकर नाराहट थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर नाराहट ललितपुर जिले के थाना नाराहट परिसर में उपजिलाधिकारी पाली सानिया सैय्यद व क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार भारद्वाज की अध्यक्षता में आगामी त्यौहार रामनवमी एवं ईद के मद्देनजर सभी धर्म गुरुओं व कस्बा के संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

पीस कमेटी की बैठक में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आपसी सौहार्द,शांति, भाईचारे के साथ त्यौहार मनाए, अगर कही कोई सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करें तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दे।

बैठक दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार भारद्वाज ने स्थानीय लोगों से और जनप्रतिनिधियों जानकारी लेते हुए पूंछा कि उनके क्षेत्र में कोई परेशानी हो तो वह बेहिचिक अपनी बात रख सकते हैं, वहीं क्षेत्राधिकारी ने लोगों से मार्केट में कैमरा लगवाने की अपील करते हुए कहा कि अगर कैमरे लगे होंगे तो कोई भी व्यक्ति कानून हांथ में नहीं लेगा।

वहीं थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आगामी त्यौहार पर किसी गांव में किसी ने आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया या कोई वारदात हुई तो पुलिस उसके साथ सख्ती से पेश आयेगी। बैठक में उपजिलाधिकारी पाली सानिया सैय्यद, क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार भारद्वाज,थाना प्रभारी प्रमोद कुमार, एसआई खूबेलाल, एसआई गौरभ तोमर, एसआई अजय यादव, जिला पंचायत सदस्य नाराहट मनोज कुशवाहा, प्रधान प्रतिनिधी नाराहट राजू राजा, नन्हे राजा, शिशु मन्दिर प्रधानाचार्य,पप्पू राजा झराबटा बृजेंद्र यादव, कपिल पाठक, हाफिज जी साजिद खां,हारून खान, महताब खान डोंगरा, रविन्द्र,दशरथ कुशवाहा,सुरेन्द्र अहिरवार आदि लोग मौजूद रहे।

# राजेंद्र शुक्ला को ललितपुर जिले की कमान सौंपी

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर ।**

हैडिंग -अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विभाकांत हुण्डैत के स्थान पर राजेंद्र शुक्ला को ललितपुर जिले की कमान सौंपी गई।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की प्रांतीय बैठक झांसी में ग्वालियर रोड स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें जिला ललितपुर के अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के नए पदाधिकारियों की घोषणा हुई। अभिषेक पांडे को प्रांत सह संगठन मंत्री, सचिन दुबे झांसी विभाग राष्ट्रीय बजरंग दल महामंत्री एवं जिला ललितपुर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला की घोषणा हुई। सभी की घोषणा पश्चात समस्त पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर, भव्य स्वागत किया गया। जिसमें प्रांत उपाध्यक्ष हिंदू हेल्पलाइन मनोज कामरेड, जिला महामंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद दिनेश साहू, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा, जिला महामंत्री शंकर चंदेल, जिला मीडिया प्रभारी बलराम पचौरी मौजूद रहे।

# गैस रिसाव से लगीं आग में झुलसी मां बेटी





**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर ।**

ललितपुर बार- कस्बा बार के बानपुर रोड निवासी महिला गैस जलाते समय आग की चपेट में आ गई साथ में खड़ी छोटी बेटी भी झुलस गई। परिजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कस्बा निवासी दीपमाला (28वर्ष) पत्नी संजय नामदेव सोमवार सुबह चाय बनाने के लिए गई जहां गैस चूल्हा जलाते ही कमरे में आग लग गई। उक्त महिला आग की चपेट में आ गई साथ में खड़ी उसकी पांच वर्षीय बेटी जयंती भी झुलस गई।

चीख पुकार करने पर परिजन पहुंचे भारी मशक्कत के बाद मां बेटी को बाहर निकालकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां महिला की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि रविवार शाम को ही नया सिलेंडर लगाया था, गैस रिसाव के कारण यह हादसा हुआ। महिला की चार लड़कियां हैं, जिनमें जयंती तीसरे नंबर की बेटी है।

# ज्ञान, वैराग्य व चेतना का जागृत करने का साधन है श्रीमद्भागवत कथा- विनय

मऊ, चित्रकूटः तहसील क्षेत्र के खण्डेहा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई। कथा व्यास ने श्रोताओं को भागवत कथा का महत्व भी बताया।

कथा वाचक आचार्य विनय कृष्ण महराज ने कहा कि जहां सत्य और भक्ति का समावेश होता है, वहां भगवान का आगमन अवश्य होता है। इंसान घमण्ड में भगवान को भूलता जा रहा है। इसी कारण प्राणी (मनुष्य) चिंता में डूबता जा रहा है। कहा कि भगवान की कृपा तब होती हैं, जब जीव अपना कर्म करके भगवान पर छोड़ देता है। उन्होंने गाय की सेवा का महत्व समझाते हुए कहा कि गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। कथा व्यास ने भक्तों को गोवर्धन कथा का रसपान



कराते हुए कहा कि जब इंद्र रुष्ठ होकर के ब्रज में घनघोर वर्षा कर रहे थे, तब भगवन श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपने छोटी उंगली पर उठाकर नगरवासियों के प्राणो की रक्षा की थी तथा इन्द्र के अहंकार और घमंड को चकनाचूर किया था।

जिसके बाद समस्त ब्रजमंडल भगवान श्रीकृष्ण की जयकारों से गूंजायमान हो गया। कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का महत्व बताते हुए कहा कि भागवत कथा ज्ञान, वैराग्य के साथ चेतना को जागृत करने का बहुत बड़ा साधन है। कहा कि भागवत महापुराण कल्पवृक्ष के समान है। जिसके श्रवण मात्र से ही प्राणी के संपूर्ण पाप नष्ट हो जाते हैं और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मौके अजीत सिंह, निर्मला देवी सहित अन्य श्रोतागण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ 55 जोड़ों का विवाह

**एनपीटी ब्यूरो**

पहाड़ी, चित्रकूटः उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पहाड़ी के शान्ती देवी इंटर कॉलिज परिसर में 55 जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भगवान गणेश के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने विवाह योजना में शामिल सभी 55 जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह के लिए इस योजना की शुरूआत की है। कहा कि इसके अलावा भी भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का आप सभी अधिक से अधिक लाभ लें।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि भगवान श्री राम की तपोस्थली चित्रकूट में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह संपन्न हो रहा है। कहा कि जब भाजपा की सरकार नहीं थी, तो गरीब कन्याओं के माता-पिता को चिंता होती थी कि उनकी बेटी की शादी कैसे होगी, लेकिन मुख्यमंत्री के नेतृत्व बनी भाजपा सरकार में



पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार करते हुए गरीब परिवारों की कन्याओं को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य योजनाएं संचालित कर पात्रों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को सुखी जीवन जीने की सलाह दी।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज 55 जोड़ों का विवाह कराया गया है। जिसमें मुस्लिम धर्म के रीत रिवाज के अनुसार एक जोड़े का विवाह संपन्न कराया गया है। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के उपाचार्यो द्वारा विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया गया। इसके बाद प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने वर-वधुओं को विवाह प्रमाण पत्र व सामग्री वितरित कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया।

इस मौके पर पूर्व एडीएम चुनकू राम पटेल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय, राजेश्वरी द्विवेदी, जिला मंत्री मनोज तिवारी सहित मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ उदय प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी रीता सिंह, एडीओ कोआपरेटिव मनोज कुमार, शान्ती देवी इंटर कालेज पहाड़ी के प्रबंधक सुनील कुमार पटेल, प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी, द्वारिका प्रसाद विश्वकर्मा, खंड विकास अधिकारी संजय पांडेय, एडीओ पंचायत भूपेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# साहू समाज ने मनाई माता कर्मा बाई की जयंती

पहाड़ी, चित्रकूटः उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा कार्यालय पहाड़ी में माता कर्मा बाई की जयंती मनाई गई। इस दौरान साहू समाज के लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में साहू समाज के मण्डल अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा का जन्म विक्रम संवत 1073 के चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी के रहने वाले रामशाह तेल व्यापारी के यहां हुआ था। साहू समाज के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा बाई भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थी। उन्होंने समाज की कुरीतियों को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालक रामनारायण साहू ने किया।

साथ ही समाज सेवा क्षेत्र में भी अपना योगदान दिया। इस मौके पर पहाडी ब्लाक अध्यक्ष अनिल साहू, जानकी साहू, रामनरेश साहू, प्रदीप कुमार साहू, वंशीलाल साहू, सन्तोष साहू आदि मौजूद रहे।

# राखपंचमपुर श्री सिद्ध बाबा मन्दिर से धूमधाम व गाजे बाजे के साथ हुई भगवान के विमान की विदाई

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर राखपंचमपुर श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर रंगपंचमी से लगने वाले मेले में रंगपंचमी के दिन ग्राम राखपंचमपुर में स्थित राम-जानकी मन्दिर से बड़ी धूमधाम व गाजे बाजे के साथ भगवान के विमान श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर आये हुये थे जो तीन दिन तक श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर रुके हुये थे श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर रुके हुये भगवान के विमान की पुजारी अशोक कुमार शर्मा ने बड़े ही विधि विधान से पूजा अर्चना की इसके बाद लेखपाल पंचमपुर संजीव मिश्रा ने विमान में बैठे भगवान की समक्ष माथा टेका और आरती उतार कर दर्शन किये और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया राखपंचमपुर श्री सिद्ध बाबा मन्दिर से ढोल नगाड़ों के बीच बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ



भगवान के विमान की विदाई की गई और श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाये गये रुपयों की गिनती राजस्व कर्मियों द्वारा देर रात तक चलती रही भगवान की विदाई में पुजारी अशोक कुमार शर्मा, कानूनगो चन्द्रभान सिंह यादव,ग्राम प्रधान राखपचंमपुर राजपाल सिंह यादव,लेखपाल पंचमपुर संजीव मिश्रा,लेखपाल मोहनलाल, लेखपाल राकेश साध्य, लेखपाल संतोष सचान, लेखपाल दीपेन्द्र राजपूत, लेखपाल जितेन्द्र यादव,एडवोकेट देवेन्द्र शर्मा,वीरन राजपूत,ईदल, रामरतन राजपूत, राघवेन्द्र,विक्रम राजपूत,शिवप्रसाद,अरुण मुन्सी, देवेन्द्र मुन्सी, सरमन, बलराम, सीताराम कुशवाहा, शीलू,विशाल श्री वास,कान्स्टेबल चन्द्रकान्त शर्मा,हैड कांस्टेबल प्रेमबाबू कान्स्टेबल रंजीत,हैड कांस्टेबल मथुरा प्रसाद शुक्ला,कान्स्टेबल जागेंद्र प्रताप सिंह, कान्स्टेबल मोहर सिंह, कान्स्टेबल अजय कुमार, कान्स्टेबल जितेन्द्र कुशवाहा,देवेन्द्र राय के अलावा ग्रामवासी व समस्त श्रद्धालुगण उपस्थित रहे ।

# कृष्णलीला देख हर्षित हुए भक्तजन

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर महरौनी ग्राम किसरदा में दुर्गा मंदिर प्रकरण में चल रही संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास आचार्य रमाकांत द्विवेदी ने कहा कि जो जीव भगवान पर विश्वास करता है, ईश्वर उसे कभी अकेला नहीं छोड़ते। जिस दिन आप ठाकुर जी के हो जाएंगे उसे दिन पूरा संसार आपका हो जाएगा। हमेशा अपने भगवान पर पूरा भरोसा रखें। गुरु, ब्राह्मण, संत और भगवान सभी हृदय से प्रसन्न होते हैं, ना कि आपकी की गई व्यवस्था से। सिर्फ नोट या पद के बल पर अगर आशीर्वाद मांगोगे तो नहीं मिलेगा जीवन में विनम्रता



बहुत महत्वपूर्ण है।

कथा के पांचवें दिन उन्होंने श्री कृष्णा की बाल लीला का वर्णन करते हुए बताया कि बाल्य काल से ही भगवान ने राक्षसों का अंत करना आरंभ किया। पूतना,अघासुर, वर्णावर्त , धेनुकासूर, बानासुर, केशी आदि राक्षसों का अंत किया । ब्रज में माखन चोरी की लीला की गोचारण किया, यज्ञ पत्नियों पर कृपा करी, यमुना को कालिया नाग के विश्व से मुक्त कराया, चीर हरण की लीला ।गोवर्धन पूजा का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि कार्तिक माह में बृजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको इंद्र की पूजा करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज का पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं । वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हुए जिसको देखकर समस्त बृजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाकर पूरे नगर वासियों को पर्वत के नीचे बुला लेते हैं । जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा बंद कर कर देते हैं ।जिसके बाद ब्रज में भगवान श्री कृष्णा और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं।

# रामसागर झील में मछली पकड़ने गए थे नाव पलटने से पांच ठेकाकर्मी डूब गए चार जनों ने तैरकर कर बचाई जान एक की मौत

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 25 मार्च। बूंदी जिले के हिंडोली उपखंड क्षेत्र की रामसागर झील में नाव पलट गई. इसमें मछली ठेकेदार के पांच ठेकाकर्मी सवार थे। जो झील में डूब गए गनीमत रही कि चार जने तैरना जानते थे। जो बाहर आ गए जबकि एक को तैरना नहीं आता था। वह पानी में गहराई में चला गया। काफी मशक्कत के बाद एक डुबे हुए व्यक्ति मुकेश सैनी आत्मज छोटुलाल निवासी बालोला हिण्डोली की मृत अवस्था में निकला।

घटना की सूचना पर हिंडोली प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। सिविल डिफेंस की टीम झील पहुंची व रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया। पुलिस उपाधीक्षक अजीत मेघवंशी ने बताया कि घटना सोमवार देर शाम की है। हादसे का शिकार सभी पांचों मछली ठेकेदार के कर्मचारी हैं. जो नाव में बैठकर झील से मछलियां निकाल रहे थे। तभी नाव असंतुलित होकर पलट गई. नाव सवार पांच में से चार कर्मियों को तैरना आता था। ये चारों तैरकर



पानी से निकल गए, लेकिन ठेकाकर्मी मुकेश माली को तैरना नहीं आने से झील में डूब गया।

घटना की सूचना पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे. बूंदी से सिविल डिफेंस टीम को बुलाया। मेघवंशी के अलावा तहसीलदार कमलेश मीणा,थाना प्रभारी सहदेव मीणा आदि मौके पर रहे। उपाधीक्षक मेघवंशी ने बताया कि सोमवार रात अधिक होने पर रेस्क्यू बंद कर दिया था। मंगलवार सुबह 7 बजे से फिर राहत बचाव अभियान शुरू किया। झील किनारे बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे सिविल डिफेंस टीम के जवान नाव और अन्य संसाधनों से झील में डूबे युवक की तलाश कर डुबे हुए व्यक्ति मुकेश सैनी आत्मज छोटुलाल निवासी बालोला हिण्डोली की मृत अवस्था में निकला जिसकी पानी में डूब जाने से व्यक्ति की मौत कारण माना जा रहा है।

**नाव में शराब पार्टी का अंदेशा:**

पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या जांच में नाव में ठेकाकर्मियों के शराब पार्टी करने की बात सामने आई है। पार्टी के दौरान ठेकाकर्मियों में आपस में झगड़े की बात भी सामने आई। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है. घटना के बाद चार जनों को पुलिस ने डिटेन किया है उन्होंने शराब पी रखी थी।

# 'शिक्षक संघ रेसटा ने 20 सूत्री मांगो के समाधान के लिए कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को सौंपा ज्ञापन



**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी! राजस्थान शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) की ओर से प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का सोमवार को बीकानेर मे दुपट्टा, माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों से डॉ.मीणा ने गंभीरता से वार्ता की, जिसमें राज्य भर के शिक्षको की 20 सूत्रीय मांगों के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा गया। रेसटा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने बताया कि ज्ञापन में राज्य समान परीक्षा में प्रति छात्र 20 रुपए से 30 रुपए कर दिए गए हैं, साथ ही 10 रुपए प्रति विद्यार्थी कक्षा 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों की राशि को पंजीयन विभाग बीकानेर के खाते में जमा करवाने के आदेश जारी किए गए है इसलिए पूर्व की भांति जिला समान परीक्षा व्यवस्था को बहाल किया जाएं और वर्तमान में 10 रूपए अतिरिक्त शुल्क के उक्त आदेश वापस लिया जाएं । सभी उच्च माध्यमिक स्कूलों में अनिवार्य विषयों हिन्दी व अंग्रेजी व्याख्याता के पद स्वकृत करने, तबादलों हेतु स्थाई तबादला नीति बनाई जाएं जिसमें विधायकों/जन प्रतिनिधियों की डिजायर प्रथा बंद हों, अध्यापक से वरिष्ट अध्यापक व वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पद पर पदोन्नति जल्द करवाने, उप प्राचार्य सीधी भर्ती,शिक्षक सुरक्षा अधिनयम महात्मा गांधी स्कूलों व समग्र शिक्षा कार्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी का परिणाम जारी करवाने,सभी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, शिक्षक सम्मेलनों में शत प्रतिशत उपस्तिथि अनिवार्य करने, सभी उच्च माध्यमिक स्कूलों में व्याख्याताओं के पद स्वीकृत करने,प्रति स्कूल न्यूनतम दो शौचालयों का का निर्माण करवाने,सभी केडरो की वेतन विसंगति दूर करने,कंप्यूटर अनुदेशकों का केडर संशोधन करने की मांग की गई। जिला महामंत्री पवन शर्मा ने बताया वार्ता में शिक्षा विभाग में 5 सितंबर, 2024 को ब्लॉक,जिला व राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान हेतु आवेदन करने वाले व पुरुस्कृत होने वाले सभी शिक्षको के नंबर व आवेदन ऑनलाइन जारी करने की मांग की गई। राज्य के दो सरकारी बीएड कॉलेज (राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान के नाम से बीकानेर व अजमेर) को उच्च शिक्षा में देने व सरकारी स्कूलों में स्पोर्ट्स किट का वितरण अब सरकार केंद्रीकृत प्रणाली से कर रही हैं। जिस सामग्री को सूची में शामिल किया गया है उसकी आपूर्ति किसी भी स्कूल में बिना मांग या जरूरत के की जा रही है। आगामी वर्षों में पूर्व की भांति विद्यालयों को खेल सामग्री हेतु राशि का आवंटन किया जाएं। कैबिनेट मंत्री डॉ.मीणा ने वार्ता में सभी मांगो को गंभीरता से सुना और कहा कि आपकी मांगो से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाकर समाधान करवाया जाएगा। वार्ता में प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद,प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई, प्रदेश विधि सहलाकार हनुमान शर्मा,बीकानेर जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी,जिला महामंत्री पवन शर्मा,जिला संरक्षक एसएस शर्मा,जिला प्रतिनिधि पवन कुमार,कर्मचारी नेता सत्यवीर जैन,जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा,जिला प्रवक्ता अविनाश आशिया, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव,जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा आदि उपस्थित रहें।

# सूरजगढ़ थानाधिकारी हेमराज मीणा ने आमसभा में दी कानूनी जानकारी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं सूरजगढ़। महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय कुम्हारों का बास में मंगलवार को काजड़ा सरपंच मंजू तंवर की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। सभा में सूरजगढ़ एसएचओ हेमराज मीणा मुख्य अतिथि रहे। काजड़ा पंचायत के ग्राम कुम्हारों का बास में थानाधिकारी हेमराज मीणा के पधारने पर सरपंच मंजू तंवर के नेतृत्व में ग्रामवासियों द्वारा पुलिस टीम का सम्मान किया गया। आमसभा में एसएचओ हेमराज मीणा ने विद्यालय के बच्चों, स्टाफ व ग्रामवासियों को साइबर क्राइम, यातायात नियमों की जानकारी, गुड टच बैड टच, बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रहने की नसीहत देते हुए कानूनी जानकारी दी। थानाधिकारी ने विद्यालय के बच्चों के साथ प्यार से



बातचीत की और उन्हें पढ़ लिखकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। थानाधिकारी हेमराज मीणा लोगों के बीच में जाकर निरंतर कानूनी जानकारी देकर आम जन को जागरुक कर रहे हैं। उनका यह प्रयास अपराध को रोकने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सरपंच मंजू तंवर ने भी सभा को संबोधित करते हुए पंचायत के विकास कार्यों सहित अन्य जानकारियां दी?। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका माया शर्मा, आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गाँधी, महेंद्र कुमार शर्मा, जयप्रकाश कटेवा, महिला कांस्टेबल मधु व रवीना, शर्मिला, मंजूलता, अनीता, कुमारी सपना, नेहा धनखड़, सुनील गाँधी, प्रेम देवी, मनेश कुमारी, मनीषा, सुनील राजोरिया, दिनेश खाटीवाल, निखिल तंवर, रघुवीर लोवाड़िया, महेश मनीठिया, होशियार सिंह, सुगराराम, प्रभु खाटीवाल, जयवीर, इंदिरा देवी, तीजा देवी, पूनम, विमला आदि अन्य गणमान्य लोग मौजूद

# राजकार्य में बाधा पहुंचाने, मारपीट करने तथा वर्दी पकड़कर नेमप्लेट तोड़ने पर दो गैरसायल शांतिभंग में गिरफ्तार

झुंझुनूं। उदयपुरवाटी पुलिस थाने के थानाधिकारी सहित पुलिस टीम पर मारपीट करने वर्दी पड़कर नेम प्लेट तोड़ने पर दो मुलजिमानों के खिलाफ राज कार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक झुंझुनू के अनुसार पुलिस थाना उदयपुरवाटी में परिवादी केशव कुमार सैन निवासी वार्ड नं. 12 पचलंगी द्वारा पेश परिवाद में गैरसायल पक्ष गौतम शर्मा निवासी पचलंगी को जांच हेतु थाने पर तलब करने के लिए हरसहाय कानि. 298 को भेजा गया। कानि. हरसहाय ने कस्तूर वर्मा पुनि. थानाधिकारी पुलिस थाना उदयपुरवाटी को जरिये टेलीफोन सूचित किया कि मैं गैरसायल गौतम शर्मा की दुकान पर खड़ा हूं। मैनें गौतम शर्मा को परिवाद में जांच हेतु थाने पर उपस्थित होने के लिए कहा तो गैरसायल गौतम शर्मा मेरे साथ बदतमीजी कर रहा है। जिस पर थानाधिकारी मय





जाप्ता के गैरसायल गौतम शर्मा की दुकान पर पहुंचे जहां पर कानि. हरसहाय मौजूद मिला तथा गैरसायल की दुकान पर गौतम पुत्र नेतराम जाति ब्राहम्ण उम्र 42 साल निवासी वार्ड नं. 14, पचलंगी व घनश्याम पुत्र नेतराम जाति ब्राहम्ण उम्र 46 साल निवासी वार्ड नं. 14 पचलंगी उपस्थित मिले। थानाधिकारी द्वारा परिवाद में जांच करना चाहा तो गैरसायल गौतम शर्मा व घनश्याम दोनों आवेश में आकर थानाधिकारी को कहने लगे कि हमें परिवाद जांच में थाने पर बुलाने वाले आप कौन होते हो तथा थानाधिकारी की वर्दी की कॉलर पकड़ कर खिंचने लगे तथा नेम प्लेट तोड़ दी। मौके पर उपस्थित जाप्ता द्वारा थानाधिकारी का बीच बचाव करने पर गैरसायलों द्वारा सवाईसिंह कानि. 1289 व गुलशन कानि. 1259 के साथ मारपीट की। दोनों शख्सों को थानाधिकारी व जाप्ता द्वारा बमुश्किल काबू में किया जाकर मौके पर शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु दोनों शख्सों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा गैरसायलान गौतम व घनश्याम के विरूद्ध वापसी थाना पर राजकार्य में बाधा पहुंचाने, मारपीट करने तथा वर्दी पकड़कर नेमप्लेट तोड़ने की धाराओं में अभियोग पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

**उप महानिरीक्षक पुलिस**
**जिला झुन्झुनू**

# राजस्थान दिवस सप्ताह समारोह : खैरथल -तिजारा: जिला स्तरीय कार्यक्रम का महिला सम्मेलन से आगाज :गैस सिलेंडर सब्सिडी का पैसा मिलने से गृहणी हुई खुश

खैरथल-तिजारा, 25 मार्च। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान, युवा, महिला एवं गरीब के कल्याण एवं उत्थान एवं आमजन के लिए गुड गवर्नेंस हेतु प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राज्य राजस्थान दिवस (30 मार्च, 2025 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) वृहद् स्तर पर मनाएगा।

प्रदेश का प्रत्येक नागरिक राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों में उत्साह एवं उमंग के साथ भाग ले और राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के लिए समर्पण एवं सेवा-भाव से कार्य करे इस हेतु राज्यभर में 31 मार्च तक सप्ताहभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में कार्यक्रम का आगाज मंगलवार को महिला सम्मेलन के साथ हुआ।

जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में हुआ आयोजित

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला सचिवालय खैरथल तिजारा के सभागार में जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में खैरथल-तिजारा जिला, बाड़मेर के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअली उपस्थित रहा।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत 6 लाभार्थियों को स्कूटी का सांकेतिक वितरण किया गया साथ ही पीएम सूर्य घर योजना के तहत 5 लाभार्थी महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का सांकेतिक वितरण किया गया तथा जिले में कुल 50 लाभार्थियों को इंडक्शन कुकटॉप वितरित किए जाएंगे।

खैरथल मे खाधसुरक्षा मे शामिल परिवारों को गैस सब्सिडी का 372 रू जन आधार खाते मे पहली बार आने से गृहणी खुश नजर आई तहकीकात मे सरोज,रीना,आशा आदि ने बताया देर से सही भजनलाल जी ने मोदीजी की दी गांरटी को पुरा किया है ज्ञात रहे विधानसभा चुनाव मे प्रधानमंत्री मोदीजी ने 450 रू मे गैस सिलेंडर देने की गांरटी दी थी जो आज सीएम भजनलाल शर्मा ने पूरी की

जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, नगर परिषद सभापति हरीश रोघा, भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, नगर परिषद उपसभापति वरुण डाटा, वार्ड पार्षद अंकित चौधरी, विनोद वलेचा,भाजपा वरिष्ठ नेता टिल्लू शर्मा, सुरजीत सरदार,टिंकू सरदार, जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एंव लाभार्थी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी, 25 मार्च। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर और सुचारू बनाने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी से कहा कि अवैध ईंट भट्टों के खिलाफ कार्यवाही करें। एनएचएआई के अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित सड़कों एवं विद्यालयों के पास गतिरोधक बनाए जाएं।

उन्होंने कहा कि सड़क



सुरक्षा नियमों के बारे में विद्यार्थियों को अधिकाधिक जागरूक किया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्गों से आवारा पशुओं को हटाने के लिए नियमित रूप से पेट्रोलिंग की व्यवस्था रहे। उन्होंने कहा कि आबादी क्षेत्रों में दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रयास किए जावे।

बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता इन्द्रजीत मीणा, जिला परिवहन अधिकारी रजनीश विद्यार्थी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से शिव कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

धमकिया | दिव्यांग दंपति को फाइनेंस कंपनी वाले दे रहे जान से मारने की धमकियां

# पीड़ित परिवार ने प्रशासन से लगायी जीवन बचाने की गुहार

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 25 मार्च ।राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली दिव्यांग पेंशन से अपनी आजीविका चलाने वाले गरीब दिव्यांग दम्पति व उनके छोटे बच्चों को निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है ।बूंदी के लोईचा ग्राम निवासी पीड़ित दिव्यांग पप्पूलाल बैरवा ने फाइनेंस कम्पनी की प्रताड़ना से परेशान होकर मंगलवार को राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा से मदद मांगी। जिसके बाद शर्मा पीड़ित परिवार के साथ जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम सुदर्शन सिंह तोमर को न्याय की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। दिव्यांग पप्पूलाल बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से दोनों पति-पत्नी को मिलने वाली दिव्यांग पेंशन राशि से उनके परिवार का खर्चा चलता है और फाइनेंस कंपनी वाले उनके परिवार को धमकी देकर आत्महत्या के लिये मजबूर कर रहे हैं।

**दोनो पति पत्नी है दिव्यांग**

पप्पूलाल बैरवा ने बताया कि वह स्वयं और उसकी धर्मपत्नी सीमा दोनो जन्म से ही दिव्यांग है,सीमा मानसिक



विमंदित भी है ।दोनो के दो छोटे बच्चे है। दिव्यांग पप्पूलाल ने बताया कि लगभग चार वर्ष पहले दो अलग अलग फाइनेंस कंपनी वालो ने एजेंटों के माध्यम से हमें दोनों पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर लोन में 50 प्रतिशत छूट और बिना ब्याज लोन देने की बात कहकर लोन दिया था। उनके खुद के नाम तीन लाख व मानसिक विमंदित दिव्यांग पत्नी के नाम चार लाख रुपए का लोन दिया गया था।

**छूट देने के बजाय धमका रहे**

अतिरिक्त जिला कलेक्टर को दिये ज्ञापन में दिव्यांग पप्पूलाल बैरवा ने कहा कि फाइनेंस कम्पनियों के कर्मचारी लोन में दिव्यांग होने के नाते लोन में छूट देने के बजाय आये दिन हमारे घर पर आकर परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। और और पूरे परिवार को बच्चों सहित घर से जबरदस्ती बाहर करने की बोल रहे हैं। पप्पूलाल ने बताया कि फाइनेंस कंपनियों को वह अब तक 6 लाख रुपये से ज्यादा चुका चुके हैं पहले कहा की दिव्यांग छूट बाद में मिलेगी ।जिससे उन्होंने तीन बीघा जमीन भी ढाई लाख रुपये में गिरवी रखकर सारे पैसे फाइनेंस कंपनियों को दे दिये। और अब तो कंपनी वाले छठ की बात से पूरी तरह मुकर गये है।

**फाइनेंस कंपनियों की मनमानी पर रोक लगे - शर्मा**

राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने बूंदी जिले में फाइनेंस कंपनियों और बैंकों के द्वारा मनमानी तरीके से लोगों के घरों पर ताला लगाकर महिलाओ व बच्चों को जबरन घर से बाहर निकालकर वसूली की प्रक्रिया पर सवाल उठाये हैं। शर्मा ने कहा कि कर्जदार की सजा उसके निर्दोष परिवार को नहीं दी जा सकती है। शर्मा ने मंगलवार को एडीएम सुदर्शन सिंह तोमर से कहा कि बूंदी जिले में पूर्व में भी तीरथ गाँव में दिव्या मीणा ने बैंक द्वारा मकान सीज करने पर आत्महत्या कर ली थी। लेकिन उसके बाद भी फाइनेंस कंपनी और बैंकों के द्वारा मनमाने तरीके से लोगों के मकान सीज कर महिलाओं और बच्चों को निर्दयतापूर्वक बेघर किया जा रहा है।

**बच्चा बोला ऐसे तो मेरी पढ़ाई छूट जायेगी**

दिव्यांग पप्पूलाल बैरवा व मानसिक विमंदित सीमा का बच्चा निर्मल कक्षा 6 में पढ़ता है। घर पर आये दिन फाइनेंस कंपनी वालों के आकर धमकियां देने से उसकी पढ़ाई छूटने और भविष्य बर्बाद होने का खतरा मंडरा है ।निर्मल ने बताया कि कंपनी वाले उसे भी धमकियां देते हैं। मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में अपने दिव्यांग माता पिता के साथ आये निर्मल बैरवा ने दुखी होकर कहा कि उनका पूरा परिवार बहुत परेशान है और ऐसे तो उसकी पढ़ाई छूट जायेगी।

# धमकी देने के मामले में भाजपा नेता विवेक प्रेमी गिरफ्तार

## व्यापारियों व कोतवाली प्रभारी के बीच हुई तीखी नोंकझोंक, पुलिस प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी, बाजार बंद

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** भैरो मंदिर के सेवक बाबा करणनाथ की तरफ से दर्ज कराए गए जानलेवा हमले के मुकदमें के तहत शामली पुलिस ने भाजपा के निवर्तमान जिला मंत्री व हिंदू नेता विवेक प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी को लेकर व्यापारी वर्ग में रोष फैल गया, जिसके विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद कर दिए। इस दौरान व्यापारियों की कोतवाली प्रभारी से तीखी झडप भी हुई। व्यापारियों के शिवचौक पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।
शहर के गांधी चौक स्थित कुटीवाला मंदिर की दुकानों को लेकर मंदिर समिति के साधू-संतों व व्यापारियों के बीच पिछले कई दिनों से खींचतान चल रही थी। गत 11 मार्च को दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे, जिनमें जमकर बहस हुई थी। उस दौरान भाजपा के निवर्तमान जिलामंत्री विवेक प्रेमी ने व्यापारियों का पक्ष लिया था, जिसके बाद भैरा मंदिर के सेवक बाबा करणनाथ ने विवेक प्रेमी समेत 10 लोगों के खिलाफ लाठी-डंडों से जानलेवा हमला, गाली-गलौज व तमंचे से फायर करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। यह मामला मंगलवार को उस समय तनावपूर्ण हो गया, जब कोतवाली पुलिस ने विवेक प्रेमी को सिटी ग्रीन के निकट से गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली ले आई। जैसे ही इस बात की जानकारी व्यापारी वर्ग को हुई तो उनमें रोष फैल गया। गिरफ्तारी के विरोध में व्यापारी गांधी चौक में एकत्र हो गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री व व्यापारियों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान शहर के सराफा बाजार, कबाडी बाजार, गांधी चौक पूर्ण रूप से व बडा बाजार आंशिक रूप से बंद हो गए। विरोध में व्यापारियों ने शिव चौक पर ही धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। देर शाम तक शिव चौक पर धरना-प्रदर्शन जारी रहा। उधर सूचना पर नायब तहसीलदार व्यापारियों के बीच पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन व्यापारी विवेक प्रेमी की रिहाई की मांग पर अडे रहे। धरना प्रदर्शन में घनश्यामदास गर्ग, अंकित गोयल, राजकुमार वर्मा, संजीव वर्मा, राजेश वर्मा, मनोज गर्ग समेत सैकडों व्यापारी मौजूद रहे।





## पति पर तीन तलाक देकर घर से निकलने का आरोप

कांधला। विवाहिता को तीन तलाक देने के बाद पीडिता ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीडिता को कार्यवाही का आश्वासन दिया है। जनपद मुजफ्फरनगर के गांव शिकारपुर निवासी खुशीर्दा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया उसके द्वारा अपनी पुत्री गुलशन का निकाह 07 वर्ष पूर्व गांव गढीदौलत निवासी शाहरूख पुत्र युसूफ के साथ की थी। आरोप है कि निकाह के बाद से ही गुलशन के ससुराल पक्ष के लोग उसे अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताडित करते थे। मामले को लेकर कई बार समाजिक पंचायत भी हुई। आरोप है कि सोमवार को एक बार फिर ससुराल पक्ष के लोगों ने गुलशन के साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया। पति शाहरूख ने उसे तीन तलाक दे दिया। मामले में पीडिता की मां ने गुलशन की सास नफीफा, ससुर युसूफ, सद्दाम, फारूख, मेहराना, शाहरूख के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## संक्षेप समाचार :

### भाकियू टिकैत ने शांता व मोहित को सौंपी अहम जिम्मेदारी



चौसाना। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने संगठन विस्तार के तहत शांता कुमार दरगापुर को जिला अध्यक्ष और मोहित शर्मा गोहरनी को युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस निर्णय के बाद संगठन से जुड़े किसानों व समर्थकों में खुशी की लहर है। भाकियू टिकैत के इस फैसले पर जिजौला निवासी पूर्व प्रधान हसन राणा ने अपनी टीम के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति किसानों के हक और संगठन की मजबूती के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। हसन राणा ने कहा कि शांता कुमार दरगापुर और मोहित शर्मा को मिली जिम्मेदारी से संगठन और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों पदाधिकारी किसानों की समस्याओं को जोर-शोर से उठाएंगे और उनके हक की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे। पूर्व प्रधान हसन राणा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) हमेशा किसानों की आवाज बुलंद करता आया है। नए पदाधिकारियों की नियुक्ति से अब ग्राम स्तर पर आंदोलन और अधिक प्रभावी होगा। किसानों की समस्याओं को हल कराने के लिए यूनियन संघर्षरत रहेगी। हसन राणा ने कहा कि नए जिला अध्यक्ष और युवा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन और भी मजबूत होगा और किसानों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

### सुरक्षा व सुशासन की नीति को लेकर कार्यक्रम




कांधला। भारत का ग्रोथ इंजन" सेवा,सुरक्षा व सुशासन की नीति के उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष व केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद कांधला के द्वारा दिनांक नगर पालिका प्रांगण में एक समारोह व मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक विभागों द्वारा स्टाल लगाकर नागरिकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही। विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया समारोह व मेले का उद्घाटन अध्यक्ष नजमुल इस्लाम व अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल, कोषाध्यक्ष गुणपाल जैन, व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव सचिन गोयल, सुधा तोमर, गौरव सैनी, नासिर आदि सभासद गण व शीतल गुप्ता कर अधीक्षक, शैशिल मलिक सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, अनिल कुमार अवर अभियंता जलकल, अमरेश कुमार स्वास्थ्य लिपिक, अशोक कुमार मुख्य लिपिक, आरिफ खान जलकल लिपिक, राजीव कुमार जैन लिपिक आदि कर्मचारी गण उपस्थित रहे।


## सात लोगों ने विरुद्ध जानलेवा हमला के मामले में मुकदमा

एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** ग्राम बुच्चाखेडी निवासी विकास पुत्र माल्हू ने कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई हैं कि गत 14 मार्च की शाम समय करीब 7 बजे वह अपने घर पर अपने चचेरे भाईयों जयवीर,राकेश पुत्रगण भोपाल के साथ बैठा हुआ था। कि तभी मौहल्ले के सुमित,संजय व सुनील पुत्रगण महावीरा व अक्षय पुत्र जनेश्वर व रवि व सन्नी पुत्रगण सलेक व प्रवीण पुत्र ईश्वर अपने हाथों मे धारदार हथियार पलकटी व लाठी डन्डे लेकर उसके घर में घुस आये और आते ही गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नियत अपने हाथों में लिए हुए पलकटी व डंडो से पीड़ित के ऊपर हमला कर दिया। जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। बीच बचाव में आये पीड़ित के चचेरे भाई जयवीर व राकेश के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट करते हुए उनको भी घायल कर दिया। शोर मचाने पर उक्त लोग घायलों को छोडकर मौके से फरार हो गये। घटना के बाद परिजन घायल विकास व जयवीर को लेकर थाने आये थे। पुलिस ने दोनों को उपचार हेतु सीएचसी कैराना में भर्ती कराया था। जहां पर डॉक्टर ने दोनों की हालत गम्भीर देखते हुए मेरठ मेडिकल के लिये रेफर कर दिया गया था। घटना में पीड़ित के नाक व हाथ की हडडी टूटी गई थी। पीड़ित के नाक का आप्रेशन भी मेरठ मेडिकल में ही हुआ है। साथ ही घायल के चचेरे भाई जयवीर के सिर में गम्भीर चोट पाये जाने के कारण सिर का ऑपरेशन मेडिकल मेरठ में ही हुआ है। जो वर्तमान में भी घटना की दिनांक से ही मेरठ मेडिकल में भर्ती चला आ रहा है। जिसकी हालत अभी भी गम्भीर है। जिस कारण पीड़ित मुकदमा दर्ज नहीं करा पाया था। पुलिस ने पीड़ित की नामजद तहरीर के आधार पर सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

# अवैध चारकोल फैक्ट्री से गंभीर प्रदूषण, एनजीटी ने दिए निर्देश





एनपीटी संवाददाता

**चौसना।** शामली जिले के भट्टी मजरा - मंगलौरा गाँव में स्थित एक अवैध चारकोल फैक्ट्री स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। मैसर्स कुबेर ट्रेडर्स के नाम से संचालित इस फैक्ट्री में चारकोल, पाइरोलिसिस तेल और फर्नेस ऑयल का अवैध प्रसंस्करण किया जा रहा है, जिससे न केवल हवा जहरीली हो रही है, बल्कि इसके अपशिष्ट पदार्थ भूमिगत जल में मिलाए जा रहे हैं। इससे गाँव का पीने का पानी दूषित हो चुका है और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। गाँव में यह फैक्ट्री रिहायशी इलाकों से मात्र 250-400 मीटर की दूरी पर स्थित है, जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों के अनुसार, इस तरह की औद्योगिक इकाइयों को कम से कम 500 मीटर दूर होना चाहिए। फैक्ट्री के आसपास गुरु वशिष्ठ इंटर कॉलेज और एक मंदिर भी स्थित है, जिससे वहाँ पढ़ने वाले बच्चों और श्रद्धालुओं पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। कई ग्रामीणों को त्वचा रोग, श्वसन संबंधी बीमारियाँ और पेट की समस्याएँ होने लगी हैं। गाँव के किसान भी चिंतित हैं, क्योंकि इस दूषित पानी के कारण उनकी फसलों को नुकसान हो रहा है। एक किसान रमेश कुमार ने बताया, "हमारे खेतों के पास नाले में यह फैक्ट्री अपशिष्ट छोड़ती है। जब भी बारिश होती है, यह पानी हमारे खेतों में मिल जाता है और फसलें खराब हो जाती हैं। गाँव के लोगों ने कई बार जिलाधिकारी और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (वढढउइ) से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन ने कुछ मामूली नोटिस भेजकर मामले को शांत करने की कोशिश की, लेकिन फैक्ट्री का संचालन जारी रहा। इससे परेशान होकर अमित कुमार नाम के एक पर्यावरण कार्यकर्ता ने इस मामले को राष्ट्रीय हरित अधिकरण के सामने रखा और याचिका दायर की। एनजीटी ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए यूपीपीसीबी और संबंधित विभागों को नोटिस जारी किया और जवाब माँगा। इसके बाद यूपीपीसीबी ने फैक्ट्री को सील करने का आदेश दिया, लेकिन स्थानीय लोगों ओमपाल,राजेन्द्र, के अनुसार, फैक्ट्री अभी भी गुप्त रूप से संचालित हो रही है।

### 2019 में भी सील हो चुकी है यह फैक्ट्री

गौरतलब है कि यह फैक्ट्री पहले भी प्रशासन की नजर में आ चुकी है। मई 2019 में, तत्कालीन एसडीएम ऊन सुरेंद्र कुमार सिंह और एआरओ अजय कुमार ने इस फैक्ट्री का निरीक्षण किया था। उस दौरान 18 ड्रम (कुल 3400 लीटर) चारकोल और अन्य तेल जब्त किए गए थे और फैक्ट्री को सील कर दिया गया था। लेकिन कुछ महीनों बाद, यह अवैध इकाई फिर से चोरी-छिपे चालू हो गई, और अब पहले से भी अधिक प्रदूषण फैलाने लगी है।

**रात के अंधेरे में जारी है अवैध संचालनः** स्थानीय निवासियों ने एनजीटी को बताया कि यह फैक्ट्री दिन में बंद रहती है लेकिन रात में पूरी क्षमता से काम करती है। फैक्ट्री से निकलने वाले धुएँ और गैसों के कारण सुबह के समय गाँव में घुटन महसूस होती है।याचिकाकर्ता अमित कुमार का कहना है, "यह फैक्ट्री प्रशासन की नाक के नीचे लगातार पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रही है। रात में जब सब सो रहे होते हैं, तब यह फैक्ट्री जहरीले धुएँ और रसायनों को छोड़ती है, जिससे पूरे गाँव का वातावरण खराब हो जाता है।" एनजीटी ने इस पर नाराजगी जताते हुए यूपीपीसीबी को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि फैक्ट्री पर नजर रखी जाए और इसका संचालन रोका जाए।

**अगली सुनवाई 16 मई 2025 को**

एनजीटी ने इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 16 मई 2025 तय की है। इस सुनवाई में यूपीपीसीबी और अन्य विभागों को अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। यदि प्रशासन द्वारा उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह मामला कड़ी कानूनी कार्रवाई की ओर बढ़ सकता है। स्थानीय निवासियों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि इस बार प्रशासन सख्त कदम उठाएगा और इस अवैध फैक्ट्री को पूरी तरह बंद कराया जाएगा। अब देखना यह है कि 16 मई की सुनवाई में इस मामले में कोई ठोस फैसला लिया जाता है या फिर यह प्रदूषणकारी इकाई प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ जाती है।

## मायके व ससुराल पक्ष के लोगों में खूनी संघर्ष, 8 घायल



**एनपीटी संवाददाता कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में मायके में ससुराल पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में आधा दर्जन से भी अधिक लोग घायल हो गए। घायलों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना उपचार करने के बाद पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर देखकर कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी जयवीर के बेटे दीपक की शादी 6 वर्ष पूर्व जनपद मुजफ्फरनगर के गांव निमखेड़ी निवासी नेहा के साथ हुआ था। मंगलवार को नेहा ने पति द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मायके पक्ष को फोन कर मामले की जानकारी दी। ससुराल में विवाहित बेटी के साथ मारपीट की घटना की जानकारी से मायके पक्ष के लोगों में गहरा रोष गया। दर्जनो की संख्या में मायके पक्ष के लोग बेटी की ससुराल पहुंच गए। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाया। दोनों पक्षों के बीच मामले को लेकर तीखी झड़पे पर शुरू हो गई। विवाद बढ़ जाने के बाद दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष शुरू हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी डंडों व पत्थराव से हमला कर दिया। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। दोनों पक्षों के बीच विस्फोटक स्थिति को देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झगड़ा करने वाले दोनों पक्षों को हटा दिया। मारपीट के दौरान दीपक, बहन निशा, मां बबली, ताऊ राजकुमार तथा नेहा पक्ष से गीता, नितिन,निता,नेहा यह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्ष की ओर से आठ लोग घायल हो गए। मामले में लड़के पक्ष से जयवीर व लड़की पक्ष से नितिन पुत्र प्रकाश निवासी नीम खेड़ी ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है की घटना के संबंध में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## वार्षिक परिणाम घोषणा के बाद मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित



**एनपीटी संवाददाता कांधला।** मंगलवार को नगर के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिभावक अपने बच्चों के अच्छे परिणाम आने से खुश दिखे एक ही परिवार के तीन बच्चों ने शानदार सफलता प्राप्त की जिसमें अंश ने 95% व शिवी ने 96% और आरोही ने 97% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों हर्षवर्धन 99.13% , शौर्य भटनागर 98.6%, अंजलि 99.04%, हर्षिता मलिक 98.7%, मोहम्मद तन्हा हसन 98.8%, प्रिंस पवार 88%, देवयानी 98.5%, वर्षा मलिक 97.1%, ने अच्छे अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ष द गोल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र पीयूष ने आईआईटी जेईई मेंस की परीक्षा दी जिसमें 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। प्रधानाचार्य ने बताया कि इसी वर्ष एलन कोटा की परीक्षा हुई उसमें पूरे भारत में लगभग 13 लाख बच्चों ने परीक्षा दी। जिसमें द गोल्ड पब्लिक स्कूल के 350 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की तथा प्रदेश में हर्षवर्धन ने 94 रैंक हामिल की। शामली जिले में द गोल्ड पब्लिक स्कूल, कांधला ही एक ऐसा शिक्षण संस्थान है जहां पर आईआईटी की परीक्षा उत्तीर्ण कर रहे हैं। तथा एलन कोटा की परीक्षा उत्तीर्ण कर रहे हैं। खेल के क्षेत्र में सीबीएसई कलेस्टर में भाला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व प्रदेश स्तर पर काव्य ने 200 मीटर दौड़ में गोल्ड गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को कॉलेज प्रबंधक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस अवसर पर प्रबंधक कृष्ण पाल सिंह , प्रधानाचार्य अजय कुमार, कोऑर्डिनेटर करूणा सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## तमंचे के बल पर मारपीट करने का आरोप लगाया

एनपीटी संवाददाता

**कांधला।** गांव खेडाकुर्तान निवासी शीशपाल पुत्र रतिराम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की रात्रि उसका भतीजा राजेन्द्र पुत्र शिवकुमार फुली पुत्र कवरपाल, तथा दो अज्ञात व्यक्ति उसके खेत में स्थित शिव गोरखनाथ जी के डेरे पर हाथों में तंमचा लेकर पहुंचे तथा उस पर हमला कर दिया। उसने भाग कर डेरे में घुसकर दरवाजा बंद करके अपनी जान बचाई, इस दौरान आरोपियों ने वहां पर बंधी गायों के ऊपर हमला करके उन्हें घायल कर दिया तथा उनके लिए बनाएं गए कमरे को तोड दिया। पीडित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# बाग में गोवंश अवशेष मिलने से सनसनी

## मुकदमा दर्ज, मौके पर पहुंचे हिंदूवादी संगठन राष्ट्रीय गोरक्षा वाहिनी संघ के कार्यकर्ता

एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** कस्बे के रामड़ा रोड पर स्थित आडू के बाग में गोवंश अवशेष मिलने पर हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे हिंदूवादी संगठन राष्ट्रीय गोरक्षा वाहिनी संघ के कार्यकताओं ने पुलिस को मामले की सूचना दी। वहीं, पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।
मंगलवार सुबह हिंदूवादी संगठन राष्ट्रीय गोरक्षा वाहिनी संघ के शामली जिला उपाध्यक्ष एवं गांव मलकपुर निवासी सागर कश्यप को कस्बे के रामड़ा रोड पर स्थित आडू के बाग में गोवंश अवशेष पड़े होने की सूचना मिली, जिस पर वह संगठन के कार्यकर्ता अनुज, विक्रम, आयुष, गौरव आदि के साथ में मौके पर पहुंचे। हिंदूवादी संगठन के कार्यकताओं ने ही मामले की सूचना डायल-112 व कोतवाली पुलिस को दी। गोवंश अवशेष मिलने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत आनन-फानन में पुलिस टीम के साथ में मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने मामले की गहनता से जांच की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बाग ठेकेदार तथा आसपास खेतों में काम कर रहे लोगो से मामले की जानकारी की। सूचना मिलने पर पशु चिकित्सक भी मौके पर पहुंचे तथा बरामद अवशेषों के सैंपल लिये। सैंपल लेने के पश्चात बरामद गोवंश अवशेषों को गड्ढा खुदवाकर मिट्टी में दबवा दिया गया। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि आडू के बाग में कुछ प्रतिबंधित पशु अवशेष बरामद हुए है। मामले में सम्बन्ध में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गई है।





## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

### ससुरालियों ने मृतका के परिजनों को बिना बताए किया मृतका का अंतिम संस्कार

**एनपीटी संवाददाता कांधला।** थाना क्षेत्र के डुन्डूखेड़ा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक विवाहिता के परिजनों ने ससुरालियों पर फांसी देकर हत्या किए जाने और बिना बताए अंतिम संस्कार किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव डुन्डूखेड़ा निवासी नीरज पुत्र पवन की शादी आठ माह पूर्व हरियाणा राज्य के गढ़ मीरगपुर थाना राई जनपद सोनीपत निवासी मोनिका पुत्री बलजीत के साथ हुई थी। शादी के बाद विवाहिता ने तीन बच्चों को जन्म दिया। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग मोनिका को दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते थे। आए दिन मोनिका का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करते थे। मामले को लेकर दोनों पक्षों में कई बार सामाजिक लोगों की पंचायत का आयोजन हुआ था। सामाजिक लोगों ने कई बार दोनों पक्षों को समझा बूझकर मामला शांत कराया था। सोमवार की शाम को मोनिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप है कि मोनिका के ससुराल पक्ष के लोगों ने मोनिका के परिजनों को बिना बताए ही मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। सूचना पर मृतका के परिजन भी गांव में पहुंचे गए और हंगामा कर दिया। मृतका के परिजनों ने मृतका के ससुरालियों पर फांसी देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ित परिजनों ने मृतका के पति नीरज, देवर कपिल, मनीष व सास उर्मिला व ससुर पवन के खिलाफ फांसी देकर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तीनों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

# चौसाना में ट्यूबवेलों से हजारों की कीमत के केबिल व स्टार्टर चोरी



एनपीटी संवाददाता

**चौसाना।** क्षैत्र के गांव अमलापुर,चौसाना , जिजौला व बल्लामजरा के एक दर्जन से अधिक किसानों कें टयूबवैल से हजारो की कीमत के केबिल व स्टार्टर चोरी कर लिया गया। साथ ही पीडित किसानों का आरोप है कि बदमाशों ने कुछ टयूबवैल मे तोडफोड भी की है। चोरी की बढती घटनाओं से किसानों मे भय व रोष व्याप्त है। किसानों ने पुलिस पर कार्यवाही व बदमाशों पर लगाम की मांग की है।
चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव अमलापुर, चौसाना, जिजौला और बल्लामजरा में चोरों ने कहर बरपाया। बीती रात बदमाशों ने एक दर्जन से अधिक किसानों के ट्यूबवेल से केबिल और स्टार्टर चोरी कर लिए। चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के किसान चिंतित और भयभीत हैं। पीड़ित किसानों में आस मोहम्मद पुत्र सुक्कन, शकील पुत्र सुक्कन, गय्यूर पुत्र मकसूद, शौकत पुत्र यासीन, बिल्ला पुत्र आशी, अनवर पुत्र फूजा, वीरेंद्र पुत्र महावीर, जयपाल पुत्र जिले सिंह व रामपाल पुत्र भीम सिंह सहित कई किसान शामिल हैं। पीड़ितों ने बताया कि बदमाशों ने कई ट्यूबवेलों में तोड़फोड़ भी की, जिससे भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने चोरी की बढ़ती घटनाओं पर नाराजगी जताई और पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। चौसाना पुलिस के कार्यवाहक चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार ने पीडितो को आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले की जांच कर दोषियों को पकड़ने के लिए गश्त बढ़ाई जाएगी और बदमाशों को पकडा जायेगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी ने खाया जहर, गम्भीर

## युवक के विरुद्ध एक दिन पूर्व कैराना कोतवाली पर दर्ज हुआ है दुष्कर्म करने का मुकदमा

एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** गांव बराला निवासी एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक हरियाणा के पानीपत में रहकर किसी फैक्ट्री में काम करता है। युवक पर किशोरी के साथ घर में घुसकर जबरदस्ती दुष्कर्म करने का आरोप है। जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाले युवक की हालत गम्भीर बताई जा रही है। क्षेत्र के गांव बराला निवासी मुज्जमिल नामक युवक हरियाणा के पानीपत में रहकर एक फैक्ट्री में काम करता है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को युवक ने वहीं पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर साथ काम करने वाले लोगो ने युवक को उपचार के लिए पानीपत के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की जानकारी होने पर गांव बराला से युवक के परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए। बताया जा रहा है कि चिकित्सकों ने हालत गम्भीर होने के चलते युवक को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि युवक मुज्जमिल पर क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी ने विगत 23 मार्च की रात्रि दस बजे घर में घुसकर जबरदस्ती दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है, जिसका मुकदमा कैराना कोतवाली पर दर्ज है। बताया जा रहा है कि किशोरी द्वारा लगाए गए दुष्कर्म के आरोप से आहत होकर ही युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। युवक पर आरोप लगाने वाली किशोरी का पिता भी अपनी नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पिछले कई माह से मुजफ्फरनगर जिला कारागार में बंद है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत का कहना है कि गांव बराला निवासी मुज्जमिल के विरुद्ध घर में घुसकर नाबालिग से जबरदस्ती दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। आरोपी युवक के जहरीले पदार्थ का सेवन करने की उन्हें कोई जानकारी नही है।

# हेमन्त कैबिनेट की बैठक में 16 प्रस्तावों पर लगी मोहर

## मंईया सम्मान योजना को ले ली गई अहम फैसला

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, हेमन्त कैबिनेट की हुई बैठक में कई अहम फैसले लिये गये हैं। मंईया सम्मान योजना को लेकर भी मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में बड़ा निर्णय लिया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखण्ड कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक प्रोजेक्ट भवन में सम्पन्न हुई। इस बैठक में लगभग 16 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट की बैठक में इनमें झारखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विधेयक- 2025 सहित कई अहम फैसले शामिल हैं। कैबिनेट बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन फैसलों की जानकारी साझा किया। कैबिनेट के इन फैसलों से झारखण्ड में विकास की गति तेज होने की उम्मीद है। खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने वाले विधेयक से राज्य में निवेश और रोजगार के नये अवसर



सृजित होंगे। कैबिनेट की बैठक में 1. झारखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विशेष छूट विधेयक 2025 को मंजूरी। 2. झारखण्ड सचिवालय सेवा के प्रशाखा पदाधिकारी के प्रमोशन नियमावली में संशोधन, 3. उच्च न्यायालय के आदेश के तहत कृषि विभाग में 6 कर्मियों की सेवा संपुष्टि समेत 4. अनुपूरक बजट को घटनोतर स्वीकृति मिली। वही 5. आर्थिक सर्वेक्षण को घटनोतर स्वीकृति के अलावे 6. बजट को घटनोतर स्वीकृति व 7. दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए इंटरमीडिएट स्तर के सहायक आचार्य के 3400 पद स्वीकृत दी गई। साथ ही कैबिनेट की बैठक में 8. पूर्व बीडीओ, मनिका (लातेहार) साधना जयपुरियार की सेवा से बर्खास्तगी को हटाने का निर्णय समेत 9. झारखण्ड कम्युनिटी हेल्थ भर्ती सेवा नियमावली को मंजूरी मिली। इसके अलावे 10. बाल पहाड़ी डैम के पास बराज निर्माण को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। साथ ही 11. झारखण्ड पुलिस हाउसिंग बोर्ड के नियमावली में संशोधन व 12. अब जेल के रख-रखाव का कार्य भवन निर्माण विभाग करेगा। इसके अलावे 13. मंईया सम्मान योजना के क्रियान्वयन में आंशिक संशोधन की गई एवं 14. आवेदकों के आधार लिंक की अनिवार्यता को मार्च 2025 तक के लिए हटाया गया। आपको बता दे कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना में अहम संशोधन को भी मंजूरी दी। अब इस योजना के तहत लाभार्थियों को सिंगल बैंक अकाउंट से बिना आधार लिंक किये भी मार्च 2025 तक राशि प्राप्त होगी। पहले यह सुविधा केवल दिसंबर 2024 तक ही लागू थी। इसके अलावे झारखण्ड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के जरिए विभिन्न विभागों के कार्यालयों के निर्माण की नियमावली में भी संशोधन को मंजूरी दी गई।

# ईद एवं रामनवमी को ले नगर थाना में की गई शान्ति समिति की बैठक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), आगामी ईद - उल - फितर, रामनवमी व सरहूल पर्व को लेकर शान्तिपूर्ण समिति की बैठक बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू, अंचल अधिकारी भागीरथ महतो व एसडीपीओ डीएन आजाद की संयुक्त अध्यक्षता में में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी त्यौहार यानी ईद - उल - फितर, रामनवमी व सरहूल पर्व को लेकर उपस्थित गणमान्य व्यक्ति, विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधिगणों से बारी बारी से शान्तिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे के साथ गंगा-यमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए उत्साह के साथ यौहार मनाने को ले कई अहम बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा के उपरांत त्यौहार को ले विधि व्यवस्था संध्यानार्थ के ध्यानार्थ आवश्यक अवयवों को सुनिश्चित करने की भी चचाएं हुई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ, पेयजलापूर्ति, एंबुलेंस, ट्रैफिक व्यवस्था, लाइट अन्य अवयवों की सुझाव को भी पेश किया गया। एसडीपीओ डीएन आजाद ने कहा कि आगामी त्यौहार यानी ईद - उल - फितर, रामनवमी व सरहूल पर्व को लेकर शान्ति समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित कई महानुभावों ने अपनी अपनी सुझाव पेश किया। तत्पश्चात शान्ति पूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की सहमति बनी। साथ ही शान्तिपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाने, विधि व्यवस्था कड़ी करने समेत कई अहम बिंदुओं पर भी विशेष ध्यानाकर्षण किया गया। उन्होंने कहा कि नमाजे ईद के समय एवं जुमा की नमाज के ध्यानार्थ मस्जिदों समेत ईदगाह में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की भी बात कही। साथ ही रामनवमी अखाड़ा को लेकर भी रुट निर्धारित किया गया, जो तय समयावधि के अनुसार निर्धारित रुट से अखाड़ा की कार्यक्रम करने की ताकीद की गई। मौके पर एसआई कन्हैया कुमार, एसआई बिनोद कुमार, एएसआई सनातन मांझी समाजसेवी हिसाबी राय, मुन्ना मुस्ताक, अनिकेत गोस्वामी, रामविलास महतो समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति व मीडिया के साथी मौजूद रहे।

# जिले की विधि- व्यवस्था को ले डीसी-एसपी ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से जिले की विधि-व्यवस्था से सम्बन्धित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि आगामी दिनों में रमजान, ईद और रामनवमी, चैती नवरात्र, सरहुल आदि का आयोजन होना है। इसके लिए आवश्यक है कि जिलेभर में उचित विधि व्यवस्था का संधारण सुनिश्चित किया जाए। विशेष कर वैसे स्थान जहां पर्व के अवसर पर लोगों का अधिक जूटान होता है, उन जगहों को पूर्व से ही चिन्हित करते हुए सुरक्षा से सम्बन्धित तमाम इंतजाम को बहाल किया जाए। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अपने कर्तव्य क्षेत्र में उपस्थित एवं तत्पर रहने का निर्देश भी दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों का दायित्व है कि क्षेत्र अन्तर्गत संचालित सभी तरह के अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखे। साथ ही रामनवमी जुलूस में जो रूट पहले से चलता आ रहा है, वहीं रुट निर्धारित रहेगा। पर्व के दौरान कोई भी अश्लीलता गाना न बजे इसका विशेष ध्यान रखे सम्बन्धित पदाधिकारी। उपायुक्त ने उत्पाद विभाग को अवैध शराब को लेकर निरन्तर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया।

जुलूस के दिन स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग को एक्टिव रहने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी संवेदनशील स्थलों की लगातार निगरानी रखने और उपद्रवियों से निपटने के लिए कारगर कदम उठाते हुए विधि-व्यवस्था को हर हाल में चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर किसी तरह का अफवाह फैलाया जाता है, तो उसपर सीधे कार्रवाई की जायेगी।

# राष्ट्रीय आविष्कार अन्तर्गत प्रोजेक्ट परख के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर निकला 100 स्टूडेंट्स



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), राष्ट्रीय आविष्कार अन्तर्गत प्रोजेक्ट परख के तत्वावधान में शैक्षणिक भ्रमण के लिए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली कक्षा 05 से 08 कक्षा के बीच 100 छात्र- छात्राओं को उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती ने परिसदन पाकुड़ से 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए जो तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का अवसर दिया गया है। भ्रमण पर जाने वाले विद्यार्थी बहुत सौभाग्यशाली है, नई जगह देखने व नई चीजें सीखने का अवसर मिला है। इन गतिविधियों से सरकारी स्कूलों के बच्चों का सर्वांगीण व व्यक्तित्व विकास होगा, वहीं छात्रों को आपसी सहयोग करने व साथ रहकर काम करने की सीख मिलेगी। विद्यार्थी बहुत सी बातें किताबों में पढ़ते हैं, इस शैक्षणिक भ्रमण से उन्हें उनका वास्तविक ज्ञान होगा।शैक्षणिक भ्रमण के लिए जिले के सभी प्रखंडों में से छात्रों का चयन किया गया है। छात्रों में टूर के प्रति विशेष उत्साह और अभिभावकों का भी पूर्ण सहयोग मिला है। आपको बता दे शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सभी स्टूडेंट्स को गिरीडीह जिला स्थित मधुवन पारसनाथ, पीरटांड़ का भ्रमण, रांची जिला स्थित ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत मछली घर, चिड़ियाघर, सिकदरी जल विद्युत परियोजना एवं गिरिडीह मुख्यालय में अवस्थित सर जे० सी० बसु स्मारक स्थल का भ्रमण, खंडोली डैम का भ्रमण छात्र-छात्राओं को कराया जायेगा।

# अवैध पोस्ता खेती के खिलाफ वन विभाग की बड़ी कारवाई, 50 डीसमिल भूमि में लगे फसल किया नष्ट

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बारियातू वन विभाग ने अवैध पोस्ता खेती के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सोमवार को हेरहंज थाना क्षेत्र के मैलम गांव में अभियान चलाकर लगभग 50 डीसमिल भूमि पर फैली अवैध पोस्ता की फसल को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में वन भूमि पर उगाई गई अवैध पोस्ता फसल को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर पूरी तरह नष्ट किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। प्रभारी वनपाल मंगल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि लातेहार डीएफओ को गुप्त सूचना मिली थी कि हेरहंज थाना क्षेत्र के मैलम गांव में बड़े पैमाने पर अवैध पोस्ता की खेती की गई है. इस सूचना के आधार पर बालुमाथ वन क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार मेहता के निदेर्शानुसार एक विशेष टीम का गठन किया गया. गठित टीम ने चिन्हित स्थानों पर अभियान चलाया और अवैध फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। प्रभारी वनपाल सिंह ने आगे बताया कि इस अवैध खेती में संलिप्त कुछ लोगों की पहचान कर ली गई है और अन्य की पहचान की जा रही है. चिन्हित माफियाओं के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कानून का हाथ बहुत लंबा है और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. आगे उन्होंने प्रखंड के सभी किसानों से महुआ चुनने के लिए जंगल मे आग न लगाने कि अपील भी किया है .इस कार्रवाई में कई कर्मी शामिल थे, जिन्होंने मुस्तैदी से अपना कर्तव्य निभाया।

# घर के पास खड़ी चौदह चक्का ट्रक गायब, पुलिस मामले की जांच में जुटी

एनपीटी ब्यूरो, लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ थाना क्षेत्र के प्रखण्ड कार्यालय के समीप दिवाकर नगर निवासी भुनेश्वर लोहरा के घर के पास खड़ी चौदह चक्का ट्रक सोमवार देर रात गायब हो गई। ट्रक मालिक भुवनेश्वर लोहरा ने बताया कि मेरा ट्रक डब्लूबी57डी 5553 सोमवार को ट्रक को घर के पास खड़ा किया हुआ था। मंगलवार सुबह उठकर देखा कि उक्त ट्रक जहां पर खड़ी थी, वहां नहीं है। पीड़ित ट्रक मालिक ने गाडी गायब होने की सूचना स्थानीय थाना को देते हुए वाहन की खोजबीन का गुहार लगाया है। उधर पुलिस ट्रक की खोजबीन शुरू कर दी है।



# डीपीआरओ की अध्यक्षता में 15 वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखण्ड सभागार, पाकुड़ में 15 वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति और राशि उपयोगिता की समीक्षा की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायतों को प्राप्त राशि के व्यय की समीक्षा की गई। 80 प्रतिशत व्यय से कम ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि तीन दिनों के अन्दर चल रहे कार्यों को पूर्ण कर भुगतान करे एवं पूर्ण हो चुके योजनाओं में भुगतान कर बंद करना सुनिश्चित करे। साथ ही ग्रीष्मऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल की किल्लत का सामना करने वाले टोले, मोहल्ले, गाव की पहचान कर पेयजल की आपूर्ति हेतु 10 अप्रैल तक विशेष कार्य योजना का निर्माण कर ले। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू, प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक, ई० पंचायत आनंद प्रकाश, प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी तेतु राय, सभी पंचायत सचिव समेत अन्य उपस्थित थे।

# टोंटी हेसला में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बारियातू प्रखण्ड के टोंटी हेसला उच्च विद्यालय परिसर मे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार के तत्वावधान में मंगलवार को टोंटी संकुल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ लातेहार से आये शिव शंकर कुमार, प्रधानाध्यापक शिव शंकर गंझू एवं द्वारिका साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित प्रतियोगिताओं में चित्रांकन, क्विज, निबंध लेखन, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे, जिसमें संकुल के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 600 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापक शिव शंकर गंझू ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों के मानसिक विकास एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है.इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण शिव शंकर कुमार, नरेश कुमार उराँव, बृजु राम, श्यामनंदन राम, दीपु प्रसाद, अनेश राम, नीरज कुमार पासवान, लिली सुगिला कुजूर, अशोक राम, रामाधार प्रसाद गुप्ता, जगदीश मिज, पंकज सिंह, सत्येंद्र राम, अमित कुमार, द्वारिका साहू, मनराज उराँव सहित अन्य शिक्षकों ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों एवं शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## गलत मूल्यांकन की वजह से राज्स्व का नुकसान

# 33 खनन पट्टाधारियों को प्रशासन ने भेजा नोटिस, राशि 17145737 की होगी वसूली

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पत्थर खदान के लिए लीज एकरारनामा के दौरान गलत मूल्यांकन कर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले 33 पत्थर व्यवसायियों के खिलाफ जिला प्रशासन सख्त हो गया है। गलत मूल्यांकन कर स्टाम्प ड्यूटी एवं निबंधन प्रभार में अल्पारोहन के मामले में *उपायुक्त सह जिला निबंधक श्री मनीष कुमार के निर्देश पर पाकुड़ जिला के 33 पत्थर व्यवसायियों से 1 करोड़ 71 लाख 45 हजार 737 की वसूली की कार्रवाई शुरू की गई है। जिला विधि शाखा के प्रभारी पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी ने सम्बन्धित 33 खनन पट्टाधारियों को गलत मूल्यांकन कर मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क की बकाया राशि को जमा करने के लिए नोटिस निर्गत किया है। जिन पत्थर कारोबारियों को मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क राशि वसूली को लेकर नोटिस जारी किया गया है, उनमें बालेश्वर स्टोन वर्क्स, महादेव स्टोन वर्क्स, अतानु सिंन्हा, मेसर्स एनएस एंड



सन्स कॉरपोरेशन, चाचा भतीजा स्टोन वर्क्स, खपड़ाजोड़ा माइंस के जय किशन लखमानी, मेसर्स अजहर इस्लाम, मेसर्स जेल दास कम्पानी, मेसर्स बसंत स्टोन वर्क्स, मेसर्स अब्दुल हक दादा भाई स्टोन वर्क्स, मेसर्स महादेव स्टोन प्रोडक्ट, सतीश कुमार लखमानी, मोरफुल शेख, पीसी पांडेय, इशहाक शेख, प्रदीप भगत, नेशनल स्टोन वर्क्स, प्रकाश चौधरी, रागदा मुर्मू, खपड़ाजोला स्टोन माइंस के श्याम मध्यान, सुंदर पहाड़ी स्टोन माइंस के मुख्लेसर आलम, रेहाना सुल्तान, हीरालाल भगत आदि शामिल है। महालेखाकार द्वारा अंकेक्षण के दौरान स्टाम्प ड्यूटी और निबंधन प्रभार में अल्पारोहन का मामला प्रतिवेदित करते हुए वसूली का निर्देश दिया गया था। जिला अवर निबंधक विकास कुमार त्रिवेदी द्वारा स्टाम्प ड्यूटी एवं निबंधन प्रभार की राशि वसूली को लेकर 33 बकायेदारों को भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1899 की धारा 47 (ए) के तहत उपायुक्त न्यायालय में मामला दायर कराया गया और उपायुक्त के न्यायालय में सभी बकायेदार भागीदार खनन पट्टाधारियों, जिन्होंने गलत तरीके से लीज एकरारनामा के लिए कराई रजिस्ट्री के दौरान गलत मूल्यांकन का स्टांप ड्यूटी एवं निबंधन शुल्क का नुकसान सरकार को पहुंचाया था को नोटिस निर्गत करते हुए बकाया राशि जमा करने का आदेश जारी किया गया है। समय पर मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क की बकाया राशि जमा नहीं करने पर सख्त कारवाई की हिदायत दी गई है।

जिन 33 खनन पट्टाधारियों को स्टांप ड्यूटी व निबंधन शुल्क में अल्पारोहन को लेकर वसूली के लिए कारवाई शुरू की गई है , उनमें से लगभग 30 प्रतिशत पट्टाधारियों द्वारा उत्खनन का काम लीज की अवधि खत्म होने के बाद बंद कर दी गई है। जबकि अधिकांश पट्टाधारियों द्वारा उत्खनन का काम लीज की अवधि खत्म होने के बाद बंद कर दी गई है। जबकि अधिकांश पट्टाधारियों द्वारा आज भी अपने लीज एरिया में पत्थरों का उत्खनन के साथ-साथ उसका संप्रेषण भी किया जा रहा है। झारखण्ड राज्य अलग बनने के लिए खासकर लीज एकरारनामा के लिए कराये गये निबंधन में मुद्रांक और निबंधन फीस में पायी गई कमी को लेकर पट्टाधारियों से वसूली की कारवाई करने का जिला में पहली बार हो रही है।

# भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश सहित गाजियाबाद का हुआ है चहुंमुखी विकास : नरेन्द्र कश्यप

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



गाजियाबाद गाजियाबाद जिला प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की सुरक्षा व सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "उत्कर्ष के 8 वर्ष" थीम पर कविनगर के रामलीला मैदान में "मेला व प्रदर्शनी" का उद्घाटन मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप मा0राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ0प्र0 सरकार, के कर कमलों द्वारा त्रिदिवसीय मेला का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर माननीय अध्यक्षा जिला पंचायत गाजियाबाद ममता त्यागी, सदर विधायक संजीव शर्मा, लोनी विधायक नन्दकिशोर गुर्जर, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल व जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थित रही।

माननीय राज्यमंत्री द्वारा विभागों द्वारा लगाई गये 80+ प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया। जिसमें नगर निगम गाजियाबाद, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग गाजियाबाद, जिला कारागार, वानिकी विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य एवं पूर्ति विभाग, समाज कल्याण, पर्यटन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा दुर्गा स्तुति, स्वागत गीत, महाकुम्भ पर केन्द्रीय लघु फिल्म, प्रदेश सरकार के सफल 8 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष लघु फिल्म, नुकक्ड नाटक आदि प्रस्तुत किये गये। नरेन्द्र कश्यप मा0राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने उपस्थित गणमान्य को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता के लिए आज का दिन विशेष दिवस है, आज योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण हुए है। मै सभी प्रदेशवासियों को इस अवसर पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। मोदी जी के निर्देशन व योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जो 2017 से पूर्व अर्थव्यवस्था में 7 नम्बर पर था वो आज 2 नम्बर पर है। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि 2029 तक उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था में नम्बर–1 पर होगा। उत्तर प्रदेश के साथ–साथ जनपद गाजियाबाद में चहुंमुखी विकास है, यहां एयरपोर्ट, मैट्रो, नमो भारत ट्रेन, ऐलिवेटिड रोड़, मधुबन बापू धाम, इन्द्रप्रस्थ योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अनेक विकास के कार्य हुए है। मोदी जी – योगी जी का लक्ष्य हर वर्ग, युवा, महिला, बच्चे, वृद्ध, गरीबों, असहाय के सेवा, सुरक्षा व विकास के क्षेत्र में कार्य कर रही है, जिसके अन्तर्गत अनेक योजनाऐं भी संचालित हैं। हमारे संवाददाता नरेश चंद्र ने खोडा में बंद पड़े अस्पताल के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि जल्दी इसको चालू करवा दिया जाएगा जिससे खोड़ा की जनता को स्वास्थ्य की सेवाएं जल्द से जल्द मिल सके, हमारा प्रयास है सबका साथ–सबका विकास।

कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सिद्धांत चौधरी बने रालोद खेल प्रकोष्ठ उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष:रेयान त्यागी



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

दिल्ली राष्ट्रीय लोकदल केंद्रीय कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की संस्तुति पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने झबरेडा,रुड़की निवासी सिद्धांत चौधरी को राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ उत्तराखंड का प्रदेश अध्यक्ष व रेयान त्यागी को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया।

दिल्ली कार्यालय पर नियुक्ति पत्र देते हुए रालोद राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि युवाओं से पार्टी को मजबूती मिलेगी।रालोद युवाओं को आगे बढ़ा रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ व पूर्व मंत्री चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि सिद्धांत चौधरी को उत्तराखंड, रेयान त्यागी को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है हमे आशा है कि दोनों के मनोनयन से पार्टी को ताकत मिलेगी।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत चौधरी, रेयान त्यागी ने कहा कि हमे जो जिम्मेदारी पार्टी द्वारा सौंपी गई है पूरी ईमानदारी,कर्तव्यनिष्ठा से निभाई जाएगी

इस दौरान रालोद राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार, खेल प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दीपक तोमर, राष्ट्रीय महासचिव खेल प्रकोष्ठ विजय कौशिक,युवा जिलाध्यक्ष मेरठ प्रशांत चौधरी, मनी चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में चक्कर खाकर गिरे विधायक नंदकिशोर गुर्जर, यशोदा अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती

**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर राणा सांगा के खिलाफ सपा सांसद की टिप्पणी पर डीएम को ज्ञापन देने आए थे।

गाजियाबाद कलेक्ट्रेट में लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर का रक्तचाप कम होने से चक्कर आने के बाद अब हालत में सुधार है। नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती विधायक का इलाज कर रहे डॉक्टरों का कहना है की हालत में सुधार है लेकिन अभी उन्हें इमरजेंसी में भर्ती किया गया है।



लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर राणा सांगा के खिलाफ सपा सांसद की टिप्पणी पर डीएम को ज्ञापन देने आए थे। विधायक के अनशन के छठवें दिन रक्तचाप कम होने से चक्कर आ गया था। विधायक कलश यात्रा पर पुलिसिया कार्यवाही से नाराज होकर अनशन पर हैं।

पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर एक बार पुलिस पर आरोप लगाए। पत्र में विधायक ने पुलिस के अधिकारी पर जातीय उन्माद फैलाकर माहौल खराब करने का आरोप लगाया।

**अधिकारी फैला रहे जातीय उन्माद**

विधायक ने पत्र लिखकर कहा कि लंबे समय से जनपद में अधिकारी अपना काम न करके, राजनीति कर रहे हैं। गाजियाबाद के एक बड़े अधिकारी के आदेश पर जिन अधिकारियों ने कलश यात्रा को रोका, कलश को खंडित किया, रामचरित मानस को खंडित और उसे फाड़ने का प्रयास किया उन अधिकारियों की जातियों को उजागर कर-के अब जातीय उन्माद फैलाने का कार्य किया जा रहा है। संगठनों से संपर्क साधकर जबरदस्ती उनसे पत्र व बयान जारी करवाए जा रहे हैं।

**पुलिस आयुक्त और एसीपी पर लगाया सीधा आरोप**

विधायक नंद किशोर गुर्जर ने पुलिस आयुक्त और एसीपी पर सीधा आरोप लगाते हुए पत्र में लिखा है कि उनके विरोधियों को फोन कर उनके खिलाफ टिप्पणी करने का दबाव बनाया गया है। जो लोग टिप्पणी से मना कर रहे है उन्हें जेल भेजने का डर दिखाया जा रहा है। यहां तक कि पत्र में यह तक लिखा गया है कि शराब के नशे में श्रीरामकथा को रुकवाने पहुंचे एसीपी अंकुर विहार ने अपने नंबर से लोनी के वाट्सएप ग्रुपों पर उनके खिलाफ वीडियो व तस्वीरों को प्रसारित किया है।

# पासपोर्ट अधिकारी के घर 60 लाख और करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज बरामद

## आय से अधिक संपत्ति का मामला

**एनपीटी ब्यूरो**



गाजियाबाद । सीबीआई ने बरामद नकदी और दस्तावेजों को जब्त कर लिया है। अब आरोपी के बैंक खातों और निवेश की जांच की जाएगी। साथ ही, अवैध रूप से अर्जित संपत्ति का स्रोत जानने के लिए सीबीआई अन्य लोगों से भी पूछताछ कर सकती है।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद में तैनात वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक दीपक चंद्र के तीन ठिकानों पटना और गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन व एक अन्य स्थान पर छापा मारकर 60 लाख की नकदी और करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज बरामद किए हैं। इसके अलावा बैंक जमा खातों, बिक्री विलेखों, म्यूचुअल फंड और जीवन बीमा पॉलिसी में निवेश से संबंधित दस्तावेज भी सीबीआई ने जब्त किए है। छापे में वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, जिनसे आरोपी की अवैध संपत्ति का खुलासा हुआ है।

आय से अधिक संपत्ति का मामला-सीबीआई के अधिकारियों के अनुसार, आरोपी अधिकारी ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद में सहायक पासपोर्ट अधीक्षक, पासपोर्ट अधीक्षक और वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक के पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार किया। जांच में सामने आया कि उन्होंने आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में 146.43 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की, जिसका वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

आगे की जांच जारी-सीबीआई ने बरामद नकदी और दस्तावेजों को जब्त कर लिया है। अब आरोपी के बैंक खातों और निवेश की जांच की जाएगी। साथ ही, अवैध रूप से अर्जित संपत्ति का स्रोत जानने के लिए सीबीआई अन्य लोगों से भी पूछताछ कर सकती है। मामले में जल्द ही आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दायर किए जाने की संभावना है।

# 'शराब शौकीनों के लिए बंपर ऑफर, एक पर एक फ्री बोतल... भीड़ को देखते हुए बुलानी पड़ी पुलिस

**एनपीटी ब्यूरो**

हापुड़/पिलखुवा । पिलखुवा और धौलाना में तो अफरा-तफरी के बीच पुलिस तक बुलानी पड़ी। रात दस बजे तक यही स्थिति रही। जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश सिंह ने बताया कि स्टॉक खत्म करने के लिए इस प्रकार की योजना हो सकती है।

हापुड़ में मार्च के अंत तक शराब के ठेकों का स्टॉक खत्म करने के लिए शराब की दुकान संचालकों ने मंगलवार को ऐसा ऑफर निकाला कि दुकानों पर शौकीनों की भीड़ लग गई। पिलखुवा और धौलाना में तो भीड़ इतनी बढ़ी कि पुलिस को ठेकों पर तैनात करना पड़ा। देर रात तक ठेकों पर मारामारी की स्थिति रही। 31 मार्च को शराब की दुकानों का नए सिरे से नवीनीकरण हो जाएगा और नए लाइसेंस धारक दुकानों पर बिक्री करेंगे। ऐसे में दुकानों को 31 मार्च तक अपने स्टॉक को खत्म करना है। ऐसे में मंगलवार को हापुड़, पिलखुवा और धौलाना की कुछ संचालकों ने एक बोतल के साथ एक फ्री देने का आफर जारी कर दिया।

जिसके बाद दुकानों के बाहर खरीदारों की भीड़ लग गई। दुकानों पर शराब लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़ें। पिलखुवा और धौलाना में तो अफरा-तफरी के बीच पुलिस तक बुलानी पड़ी। रात दस बजे तक यही स्थिति रही। जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश सिंह ने बताया कि स्टॉक खत्म करने के लिए इस प्रकार की योजना हो सकती है। हालांकि दुकानों पर कितना स्टॉक बाकी रह गया है, इसकी जानकारी नहीं है।

**बुलंदशहर के खुर्जा में शराब की बोतल में मिल रही 200 रुपये तक की छूट**

वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्त होने से पहले शराब की दुकानों पर दुकानदारों ने सस्ते दाम पर शराब बेचना शुरू कर दिया है। इसमें बोतलों पर 200 रुपये तक छूट मिल रही है। ऐसे में शराब पीने वाले काफी खुश हैं और ठेकों पर भीड़ लग रही है। यहां बोतल पर 200 रुपये, हाफ पर 100 रुपये और क्वार्टर पर 50 रुपये छूट मिल रही है। जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार का कहना है कि नई शराब नीति लागू होने के चलते दुकानदार अपना माल खत्म कर रहे हैं, जिसके चलते वह छूट दे रहे हैं।

# रेडियो मेरठ 89.6 एफएम एवं स्मार्ट एनजीओ ने टीबी दिवस जागरूकता कार्यक्रम किया

**एनपीटी ब्यूरो**



मेरठ। रेडियो मेरठ 89.6 एफएम के सौजन्य से तथा स्मार्ट एनजीओ के सहयोग से सेहत सही, लाभ कई कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व टीबी दिवस के अवसर पर मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के फामेर्सी विभाग में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फामेर्सी विभाग के प्राचार्य डॉ. नीरज कांत शर्मा रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्टेशन प्रबंधक आरजे तन्वी द्वारा किया गया, जिन्होंने टीबी रोग की भयावहता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर वर्ष 24 मार्च को विश्व क्षयरोग दिवस मनाने का उद्देश्य इस महामारी को समाप्त करने के प्रयासों को गति देना एवं इसके दुष्परिणामों के प्रति जनसामान्य को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) एक संक्रामक रोग है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है तथा संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से हवा के माध्यम से फैलता है। इसके अलावा यह शरीर के अन्य अंगों, जैसे मुंह, लिवर, गला, मस्तिष्क एवं किडनी को भी प्रभावित कर सकता है, हालांकि इस प्रकार की टीबी संक्रामक नहीं होती।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. नीरज कांत शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए टीबी के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी, बलगम के साथ खून आना, भूख न लगना, वजन कम होना, रात में बुखार एवं ठंड में पसीना आने जैसी समस्याएं हो रही हों, तो तत्काल चिकित्सीय परामर्श लेना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टीबी के उपचार के दौरान मरीज को दवा का पूरा कोर्स करना चाहिए तथा डॉक्टर की सलाह के बिना दवा बंद नहीं करनी चाहिए।

डॉ. शर्मा ने निक्षय पोर्टल की जानकारी देते हुए बताया कि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म टीबी मरीजों को आर्थिक सहायता प्रदान करता है। उन्होंने सभी को निक्षय मित्र बनने का आह्वान किया, ताकि इस रोग से पीड़ित व्यक्तियों को आवश्यक सहायता मिल सके। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के संकल्प के साथ इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ ली।

# देह व्यापार का खुलासा, संचालक समेत तीन गिरफ्तार

गाजियाबाद। थाना क्षेत्र के लाजपतनगर स्थित शनि चौक चौकी से कुछ ही दूरी पर चल रहे देह व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया। देह व्यापार का संचलान पेंट व्यापारी लिंक रोड के महाराजपुर गांव का रहने वाला तस्लीम कर रहा था। जिस फ्लैट को उसने देह व्यापार के लिए किराये पर लिया था, उसके पड़ोस में ही पेंट की दुकान भी थी। ग्राहकों से भुगतान भी वह दुकान पर लगे बार कोड के जरिए बैंक खातों में लेता था। पुलिस ने देह व्यापार के दलदल में फंसी एक महिला को भी रेस्क्यू किया है। पेंट व्यापारी तस्लीम और मौके से पकड़े गए ग्राहक गाजियाबाद के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित चौपला मंदिर के पास रहने वाले विकास शर्मा और विकास जैन के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि देह व्यापार होने सूचना रविवार को मिली थी। सोमवार को शिकायत की जांच करने के बाद सोमवार देर शाम पुलिस टीम ने छापा मारा। छापा मारने पर पता चला कि देह व्यापार पेंट कारोबारी तस्लीम चला रहा था। मौके से ग्राहक बतौर फ्लैट में मिले विकास शर्मा और विकास जैन को पुलिस ने दबोच लिया। फ्लैट की तलाशी में आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई। मौके पर मिली महिला को रेस्क्यू कर पुलिस ने घर भेज दिया है। पूछताछ में पेंट कारोबारी ने बताया कि उसने 10 हजार रुपये प्रतिमाह किराए पर फ्लैट लिया था। उसके मोबाइल में की वाट्सएप चैट खंगालने पर पता चला कि वह लोगों को अलग-अलग युवतियों के फोटो भेजकर बुलाता था। 500 रुपये प्रति ग्राहक उसका कमीशन था। बाकी रुपये वह देह व्यापार के लिए जिस युवती को बुलाता था उसे देता था।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय–209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन– 0120–4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः– समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।